(स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी समाचार पत्र)

हिन्दी दैनिक

# बुद्ध का संदेश

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।

नई गोरी मैम ने दिखवाया ...8



बुधवार, 18 अगस्त 2021 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 08 अंकः 242 पृष्ठ 12 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

## अफगानिस्तान-तालिबान विवाद के बीच जानें कौन-सा मुस्लिम देश किसकी तरफ है?

तालिबान ने अफगानिस्तान पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान में तालिबान सरकार बनने की खबर के बाद से ही दुनिया के लगभग सभी देशों ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। अमेरिका और ब्रिटेन तालिबान के शासन वाले सरकार को मान्यता नहीं देने की बात कही हैं। वही, अफगानिस्तान के ताजा हालात को देखें तो वहां अफरा–तफरी का माहौल है। लोगों में डर है। नागरिक देश छोड़कर जाना चाहते हैं। इन सबके बीच हम आपको यह बताते हैं कि मुस्लिम देश तालिबान और अफगानिस्तान में से किसका समर्थन कर रहे हैं। पाकिस्तान– पाकिस्तान अफगानिस्तान का पड़ोसी मुल्क है। अफगानिस्तान के ताजा हालात पर पाकिस्तान की लगातार पैनी नजर बनी हुई है। पाकिस्तान भले ही तालिबान के साथ अपने संपर्कों को न दिखा रहा हो लेकिन 1996 का तालिबान हो या 2021 का तालेबान, पाकिस्तान की सेना और खुफिया एजेंसी आईएसआई के साथ उसके संबंध मजबूत हुए है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान भी अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे पर कहा कि अब तालिबान बेड़ियो से आजाद हो गया है। कतर– मुस्लिम दुनिया का छोटा देश कतर अफगानिस्तान विवाद में अहम भूमिका निभा रहा है। तालिबान के लगभग सारे सियासी दफ्तर



कतर में ही स्थित है। अमेरिका और तालिबान के बीच वार्ता भी कतर में ही होती रही है। विशेषज्ञ मानते हैं कि अगर कतर तालिबान का समर्थन करना बंद कर देता है तो उसका अंतरराष्ट्रीय प्रभाव कम हो सकता है। सऊदी अरब– इस्लामी दुनिया का सबसे ताकतवर देश सऊदी अरब विचारधारा के मामले में वहाबी का समर्थक रहा है। लेकिन अफगानिस्तान के ताजा हालात पर उसने चुप्पी साध रखी है। सऊदी अरब तालिबान को लेकर खुलकर नहीं बोल रहा है। हालांकि अब तक वह पाकिस्तान के जरिए ही तालिबान से डील करता रहा है। 1980 के दशक में सऊदी अरब ने अफगान मुजाहिदीनों की खुलकर मदद की। तुर्की– तुर्की खुलकर इस मामले में नहीं बोल रहा है। हालांकि उसके इरादे तालिबान के समर्थन नहीं करते हैं।

अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिक के वापसी के बाद भी तुर्की ने काबुल एयरपोर्ट की सुरक्षा करने का इरादा जताया है। ईरान– ईरान शिया बहुल देश है और कट्टर सुन्नी संगठन संगठन से उसका गतिरोध पुराना है। अफगानिस्तान के हालात ईरान के लिए चिंताजनक है। ईरान की सीमा अफगानिस्तान से सटी भी हुई है। अफगानिस्तान को इस बात का भी डर है कि अगर अराजकता फैलती है तब बड़ी संख्या में शरणार्थी ईरान पहुंच सकते हैं। हाल में ही ईरान ने तालिबान से काबुल में अपने राजनयिकों की सुरक्षा की गारंटी भी मांग की थी।

## तालिबान के समर्थन में उतरे सपा सांसद शफीकुर्रहमान बर्क, भारतीय स्वतंत्रता सेनानियों से की तुलना




संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद शफीकुर्रहमान बर्क ने तालिबान का समर्थन कर दिया है। इसमें उन्होंने अफगानिस्तान में तालिबान पर कब्जे की तुलना भारत में ब्रिटिश राज्य कर दी है। सपा सांसद ने विवादित बयान देते हुए कहा कि हिंदुस्तान में जब अंग्रेजों का शासन था और हमने उन्हें हटाने के लिए संघर्ष किया, ठीक उसी तरह से तालिबान ने भी अपने देश को आजाद किया है। बर्क यहीं नहीं रुके, उन्होंने लगातार तालिबान की तारीफ करते हुए कहा कि तालिबान एक ऐसी ताकत है जिसने रूस और अमेरिका जैसे मजबूत देशों को भी अपने यहां बसने नहीं दिया। आपको बता दें कि तालिबान ने अफगानिस्तान में पूरी तरह से कब्जा कर लिया है। अफगानिस्तान के राष्ट्रपति अशरफ गनी देश छोड़कर भाग चुके हैं। आपको बता दें कि अफगानिस्तान में अफरा–तफरी का माहौल है। तमाम नागरिक देश छोड़कर जाना चाहते है। तालिबान अफगानिस्तान के संवैधानिक संस्थाओं पर भी कब्जा कर चुका है।

## देवबंद में योगी सरकार की रहेगी पैनी नजर, बनेगा एटीएस कमांडो सेंटर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार सहारनपुर जिले के देवबंद में पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) का कमांडो सेंटर बनाएगी। सूत्रों के अनुसार सरकार सहारनपुर जिले के देवबंद में एटीएस कमांडो सेंटर बनाने का निर्णय किया है। उन्होंने बताया कि इसके लिये सरकार ने प्राथमिकता के आधार पर एटीएस को दो हजार वर्ग मीटर जमीन आवंटित की है और सेंटर बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि सरकार ने यह भी तय किया है कि प्रदेश भर से चुने हुए करीब डेढ़ दर्जन तेज तर्रार एटीएस अफसरों की इस कमांडो सेंटर में तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार शलभ मणि त्रिपाठी ने मंगलवार को ट्वीट किया तालिबानी बर्बरता के बीच उत्तर



प्रदेश की खबर भी सुनिए। योगी जी ने तत्काल प्रभाव से देवबंद में एटीएस कमांडो सेंटर खोलने का निर्णय लिया है। युद्ध स्तर पर काम शुरू भी हो गया है। इसी ट्वीट में त्रिपाठी ने लिखा है कि प्रदेश भर से चुने हुए करीब डेढ़ दर्जन तेज तर्रार एटीएस अफसरों की यहां तैनाती होगी। गौरतलब है कि देवबंद ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण नगर है। देवबंद में त्रिपुर बाला सुंदरी देवी का मंदिर है। मां त्रिपुर बाला सुंदरी देवी मंदिर के द्वार पर लगा शिलालेख अति प्राचीन है। देवबंद में राधा बल्ध्लभ का भी ऐतिहासिक मंदिर है और इसके अलावा मदरसा दारुल उलूम देवबंद की भी ख्ध्याति देश और दुनिया भर में है।मदरसा दारुल उलूम देवबंद को विश्ध्व भर के मुस्लिम शिक्षण संस्थाओं में विशेष स्ध्थान प्राप्ध्त है।

## पूरा होगा कल्याण सिंह का सपना? अलीगढ़ का नाम होगा हरिगढ़




उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार आने के बाद से ही कई शहरों के नाम बदले गए हैं। विपक्ष की ओर से इसका विरोध भी किया गया। लेकिन योगी सरकार प्रदेश को वापस वो पहचान दिलाने की कोशिश में लगी है जो विदेशी आक्रमणकारियों द्वारा धूमिल कर दी गई थी। इसी क्रम में यूपी सरकार की तरफ से उत्तर प्रदेश के तीन प्रमुख स्थानों के नाम बदले गए। इलाहाबाद को प्रयागराज, मुगलसराय को दीन दयाल उपाध्याय नगर और फैजाबाद को अयोध्या किया गया। अब अलीगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव पास हो गया है। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में अलीगढ़ का नाम हरिगढ़ करने का प्रस्ताव पास किया गया है। प्रस्ताव को जिला पंचायत ने शासन को भेज दिया है। पूरा होगा कल्याण सिंह का सपनाः अलीगढ़ का नाम बदले जाने की मांग वर्षों पुरानी है। विश्व हिन्दू परिषद ने साल 2015 में अलीगढ़ में प्रस्ताव पास कर कहा था कि अलीगढ़ का प्रचीन नाम हरिगढ़ ही है। इसे बाद में अलीगढ़ कर दिया गया था। कल्याण सिंह ने साल 1992 में सीएम पद पर रहते हुए इसका नाम हरिगढ़ करने की कोशिश की थी। लेकिन उस वक्त केंद्र में कांग्रेस सरकार थी। इसलिए उनकी कोशिशें सफल नहीं हो सकी थी।

## पीएम मोदी की लोकप्रियता में आई गिरावट

### 23 फीसदी लोगों ने महंगाई को NDA सरकार की विफलता मानाः सर्वे

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में गिरावट दर्ज की गई है। इंडिया टुडे के हालिया सर्वे मूड ऑफ द नेशन में कई तरह के सवाल पूछे गए थे। जैसे कि भारत के अगला प्रधानमंत्री कौन होगा ? सबसे लोकप्रिय मुख्यमंत्री कौन ? इत्यादि। सर्वे के मुताबिक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में भारी गिरावट दर्ज की गई है। साल 2020 के सर्वे में 66 फीसदी लोग नरेंद्र मोदी को देश का अगला प्रधानमंत्री देखना चाहते थे। जबकि हालिया सर्वे में 24



फीसदी लोगों ने ही नरेंद्र मोदी के नाम पर मुहर लगाई है। सबसे दिलचस्प बात तो यह है कि भाजपा के फायर ब्रांड नेता होने के बावजूद भले ही नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता घटी हो लेकिन योगी आदित्यनाथ की लोकप्रियता में इजाफा हुआ है। नरेंद्र मोदी के बाद अगले प्रधानमंत्री के तौर पर योगी आदित्यनाथ को 11 फीसदी लोगों ने पसंद किया। जबकि जनवरी 2021 में 10 फीसदी लोग पसंद करते थे। वहीं, राहुल गांधी को 10 फीसदी, अरविंद केजरीवाल और ममता बनर्जी को 8–8 फीसदी लोगों ने प्रधानमंत्री के तौर पर पसंद किया है। इसके अतिरिक्त राजग सरकार की सबसे बड़ी विफलता क्या था ? सर्वे में यह सवाल भी पूछा गया। आपको बता दें कि 29 फीसदी लोगों ने महंगाई को राजग सरकार की विफलता के तौर पर देखा है। जबकि 23 फीसदी लोगों ने बेरोजगारी, 11 फीसदी लोगों ने कोविड महामारी प्रबंधन, 8 फीसदी लोगों ने किसान आंदोलन और 7 फीसदी लोगों ने नोटबंदी को सबसे बड़ी विफलता बताया।

## –:: पेगासस विवाद::–

## कोर्ट का केंद्र को नोटिस, कहा– राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने वाले तथ्यों का नहीं करे खुलासा

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कथित पेगासस



जासूसी मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग से संबंधित याचिकाओं पर मंगलावर को केंद्र सरकार को नोटिस जारी किया और यह स्पष्ट किया कि वह नहीं चाहता कि सरकार ऐसी किसी बात का खुलासा करे जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता हो। प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण, न्यायमूर्ति सूर्य कांत और न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस की तीन सदस्यीय पीठ ने याचिकाओं पर केंद्र से जवाब मांगते हुए कहा कि वह 10 दिन बाद इस मामले को सुनेगी और देखेगी कि इसमें क्या प्रक्रिया अपनाई जानी चाहिए। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से कहा कि शीर्ष अदालत नहीं चाहती कि सरकार किसी ऐसी चीज का खुलासा करे जिससे राष्ट्रीय सुरक्षा को खतरा हो सकता हो। शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी मेहता की उस दलील के बाद की जिसमें उन्होंने कहा था कि हलफनामे में सूचना की जानकारी देने से राष्ट्रीय सुरक्षा का मुद्दा जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं ने हलफनामे में जानकारी दिए जाने की मांग की थी। न्यायालय 'एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया'की याचिका सहित विभिन्न याचिकाओं पर सुनवाई कर रही है। इनमें वरिष्ठ पत्रकार एन. राम और अरुण शौरी तथा गैर सरकारी संगठन कॉमन काज भी शामिल है।

याचिकाओं में सारे मामले की स्वतंत्र जांच कराने की मांग की गई है। ये याचिकाएं इजराइली कंपनी एनएसओ के जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस का इस्तेमाल सरकारी एजेंसियों द्वारा कथित तौर पर प्रमुख नागरिकों, राजनेताओं और पत्रकारों की जासूसी से संबंधित है। एक अंतरराष्ट्रीय मीडिया संघ ने बताया है कि 300 से अधिक सत्यापित भारतीय मोबाइल फोन नंबर पेगासस स्पाइवेयर का उपयोग करके निगरानी के लिए संभावित लक्ष्यों की सूची में थे।

## संकट के समय विदेशों से भारतीयों को निकालने में भारत का रहा है शानदार रिकॉर्ड, अफगानी जमीं पर भी ऑपरेशन जारी

नयी दिल्ली। अफगानिस्तान पर तालिबान के कब्जे के बाद हाहाकार मचा हुआ है। भारत सरकार अपने लोगों को वहां से निकालने के लिए आपातकालीन ऑपरेशन चला रही है। इसके अलावा सरकार पड़ोसी होने का धर्म भी निभा रही है। ऐसे में हम बात करेंगे केंद्र की मोदी सरकार द्वारा चलाए गए उन ऑपरेशनों की जिसके जरिए विदेशी जमीं पर संकट में फंसे भारतीयों की घर वापसी हुई। इराक से 130 भारतीयों की वतन वापसीः साल 2014 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहली बार सत्ता संभाली थी और सुषमा स्वराज को विदेश मंत्रालय का जिम्मा सौंपा गया था। उस दौर में सुषमा स्वराज ने कहा था कि भारतीयों की वतन वापसी में पैसा आड़े हाथ नहीं आना चाहिए। दरअसल, साल 2014 में इराक में 120



भारतीय युद्ध क्षेत्र में फंसे थे। जिसमें 46 नर्सें भी शामिल थी। इराक में आईएसआईएस ने हमले तेज कर दिए थे। सभी भारतीय नर्सों को बंधक बना लिया था। हालांकि तत्कालीन विदेश मंत्री के नेतृत्व में ऑपरेशन चलाया गया और एयर इंडिया के विमान से सभी की वतन वापसी हुई। यमन से भारतीयों को निकालने के लिए सरकार ने झोंकी ताकतः यमन के गृहयुद्ध में फंसे 4,000 भारतीयों को सुरक्षित निकालने के लिए भारत सरकार ने अभूतपूर्व अभियान चलाया था। इस दौरान वायुसेना के दो सी–17 ग्लोबमास्टर विमानों के अलावा नौसेना के तीन युद्धपोतों (आईएनएस सुमित्रा, आईएनएस मुंबई और आईएनएस तरकश) को तैनात किया गया था। दरअसल, यमन में गृहयुद्ध की वजह से तत्कालीन राष्ट्रपति सऊदी अरब भाग गए हैं। यहां पर भी हालात कुछ–कुछ अफगानिस्तान जैसे ही थे। हुथी समुदाय के शिया चरमपंथियों ने यमन के बड़े इलाके पर कब्जा कर लिया था। जिसके जवाब में सऊदी सेना की अगुआई में 10 देशों की सेना संयुक्त मोर्चा संभाला था और हवाई हमले किए थे।

ऑपरेशन संकटमोचन

साल 2016 में मोदी सरकार ने ऑपरेशन संकटमोचन चलाकर सूडान में फंसे भारतीयों को बाहर निकाला था। इस ऑपरेशन का श्रेय तत्कालीन विदेश राज्य मंत्री जनरल वीके सिंह को जाता है। दक्षिण सूडान में फंसे 600 नागरिकों को निकालने के लिए वीके सिंह खुद भारतीय दल के साथ पहुंचे थे। इस दौरान ब–17 विमान के माध्यम से ऑपरेशन को अंजाम दिया गया था। आपातकालीन ऑपरेशन जारीः अफगानिस्तान से भारतीयों को निकालने के लिए मोदी सरकार ने आपातकालीन ऑपरेशन चलाया है। इसके जरिए मंगलवार को काबुल से 120 भारतीयों को लेकर वायुसेना का सी–17 विमान गुजरात के जामनगर में लैंड हुआ। अभी भी सरकार अपने लोगों को निकालने के लिए अथॉरिटी से बात कर रही है। इसके अलावा भारत सरकार ने कोरोना महामारी के दौरान सबसे बड़ा वंदे भारत अभियान चलाया था लेकिन हम महामारी के दौरान वतन वापसी करने वाले भारतीयों की बात नहीं कर रहे हैं।

## अफगानिस्तान के काबुल में फंसे चंदौली के सूरज, परिवार वालों ने सरकार से मदद मांगी

चंदौली। अफगानिस्तान के बिगड़ते हालात के बीच जिस तरह से तालिबान ने काबुल पर अपना नियंत्रण कर लिया है उसके बाद यहां फंसे भारतीय केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगा रहे हैं। चंदौली जिले के मुगलसराय कोतवाली के अमोघपुर गांव के रहने वाले सूरज चौहान भी काबुल में फंसे हैं। सूरज इसी साल जनवरी में रोजी–रोटी कमाने काबुल गए थे। वहां पर वेल्डर का काम करते हैं। जब से अफगानिस्तान की हालत टीवी पर देखी है परिवार वाले परेशान हैं। पिता के आंसू रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। परिवार के लोग सरकार से अपने बेटे को सुरक्षित वापस लाने की मांग कर रहे हैं।



# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 75वां स्वतंत्रता दिवस

अयोध्या। 75वाँ स्वतंत्रता दिवस समारोह पूरे मण्डल एवं जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मण्डलायुक्त एमपी अग्रवाल द्वारा आयुक्त आवास एवं आयुक्त कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त ने अपने सम्बोधन में कहा कि आजादी के 74 वर्ष पूरे हो चुके है और हम लोग 75वाँ स्वतंत्रता दिवस मना रहे है। हमारा देश इन 75 वर्षो में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। हमने साइंस टेक्नोलॉजी, विकास, कल्याण, खाद्यान्न उत्पादन में आत्म निर्भरता प्राप्त की है। वर्तमान सरकार द्वारा जहां उत्तर प्रदेश पिछली सरकारों में विकास के अंतिम पायदान पर रहता था आज हम लोग विकास के क्षेत्र में देश के राज्यों में प्रथम पंक्ति में आ गये तथा सुरक्षा एवं सैन्य क्षेत्र में हम लोगों में पूरी आत्मनिर्भरता प्राप्त की है तथा विश्व की शक्तियों में गणना होने लगी है। आजादी के 75वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मैं सभी को हार्दिक बधाई देता हूं तथा सभी से आह्वान करता हूं कि अमर शहीदों को नमन करें तथा उनके बताये मार्गो पर चलकर देश एवं प्रदेश तथा मण्डल का विकास करें। उक्त अवसर पर कोविड मुक्त के लिए काम करने, सबका साथ सबका विकास एवं सबका विश्वास हेतु कार्य करने का आहवान किया। उक्त अवसर पर मण्डलायुक्त द्वारा अशोक का अन्य सहयोगी अधिकारियों के साथ पौधा लगाया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त प्रशासन शिवपूजन, अपर आयुक्त न्यायिक रवि श्रीवास्तव, संयुक्त विाकस आयुक्त अरविन्द जैन, उपनिदेशक सूचना डा0 मुरलीधर सिंह, प्रशासनिक अधिकारी, विशेष कार्याधिकारी अशोक कुमार शाहू, विशेष सहायक श्री सच्चिदानन्द सहित आयुक्त कार्यालय के अधिकारी, कर्मचारी, सहायक, अधिवक्तागण आदि उपस्थित थे

जिलाधिकारी श्री अनुज कुमार झा ने 75वाँ स्वतंत्रता दिवसध्अमृत महोत्सव के अवसर पर अपने आवास एवं कलेक्ट्रेट में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। जिलाधिकारी द्वारा इसके पूर्व में राजकीय उद्यान में जाकर अमर शहीद स्वतंत्रता सेनानी राम प्रसाद विस्मिल, रोशन सिंह, राजेन्द्र लाहिड़ी एवं अशफाक उल्ला खां के मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया। उक्त अवसर पर उद्यान विभाग एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह आदि गणमान्य की उपस्थित थे। जिलाधिकारी द्वारा स्वतंत्रता के अवसर पर सेनानियों के परिवारों को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया तथा उनका कुशलक्षेम पूछा। जिलाधिकारी ने उक्त अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि आजादी के 74 वर्ष पूरे हो गये है। यह 75वाँ स्वतंत्रता दिवस है इसलिए अमृत महोत्सव के रूप में पूरे देश में मनाया जा रहा है।

जिलाधिकारी द्वारा नशामुक्त एवं कोविड से बचावे हेतु शपथ दिलायी गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी नगर डा0 वैभव शर्मा, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गोरेलाल शुक्ला, अपर जिलाधिकारी लव कुमार सिंह, मुख्य राजस्व अधिकारी पुरूषोत्तम दास गुप्ता तथा अनेक कर्मचारियों ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किये। उक्त अवसर पर उप सूचना निदेशक, विशेष कार्याधिकारी राम अचल, प्रशासनिक अधिकारी नाजिर सदर, कलेक्ट्रेट के अधिकारी, कर्मचारी, अपर सूचना अधिकारीध्लेखाकार अवधेश कुमार जायसवाल उपस्थित रहे। पुलिस महानिरीक्षकसंजीव गुप्ता द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित थे। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्षध्जिला जज ज्ञान प्रकाश तिवारी द्वारा न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर न्यायिक अधिकारी एवं बार के सदस्य उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने अपने कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती अनिता यादव द्वारा विकास भवन परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर विकास भवन के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित थे। नगर आयुक्त विशाल सिंह द्वारा नगर निगम कार्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। उक्त अवसर पर निगम के अधिकारीध्कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा जिला अस्पताल में राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया तथा सलामी दी गयी। जिला चिकित्सालय के अलावा सीएचसीध्पीएचसी में भी स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। शहर में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, महापुरूषों के प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। मलिन बस्तियों, कुष्ठ आश्रमों में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया तथा फलधमिष्ठान वितरण किया गया। जिला कारागार में भी स्वतंत्रता दिवस का कार्यक्रम मनाया गया तथा सभी ने नशामुक्त करने एवं कोविड से बचाने की शपथ ली। सभी कार्यक्रमों में कोविड प्रोटोकाल का पालन किया गया। गायत्री पब्लिक स्कूल रेवतीगंज में न्याय, स्वतंत्रता, समानता, एवं बंधुत्व की भावनायुक्त माहौल के बीच कांग्रेस नेता घनश्याम त्रिपाठी एवं प्रबंधक उमाशंकर शुक्ल ने झंडारोहण किया । उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल ने कहा की महामारी के बाद उत्पन्न नकारात्मक माहौल से पूर्ण रूप से आजादी पाने के लिए हमें हर छड़ तन और मन से एक दूसरे के प्रति सकारात्मक व्यवहार करते रहने और उज्जवल भविष्य के लिए आशान्वित रहने की जरूरत है। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी प्रभा शंकर शुक्ला, उमेश पांडेय, आर डी पांडेय, ओपी मिश्रा, रामसूरत तिवारी, अरविंद कुमार, विश्वजीत मौर्या, सुधा पांडेय, हंसराज यादव, शिव बहादुर शुक्ला, संतोष पांडेय आदि मौजूद रहे ।

# वीर जवान हर पल चौकन्ना रहकर देशवासियों एवं देश की सीमाओं की सुरक्षा करते हैः अविनाश कुमार

## सरकार की सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्षता पूर्वक पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध करायेंः जिलाधिकारी

हरदोई। देश आजादी की 75वीं सालगिरह की स्वतंत्रता दिवस पर अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर में तिरंगा झण्डा फरहाया तथा गांधी की चित्र पर माल्यापर्ण कर उपस्थित कलेक्ट्रट अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ मिलकर भावपूर्ण राष्ट्रगान गाया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने देश वीर योद्वाओं को श्रद्वाजंलि अर्पित करते हुए उपस्थित अधिकारियोंध्कर्मचारियों से कहा कि देश हजारों वीरों ने अपने प्राणों की आहूति देकर आजादी दिलायी और वीर जवान हर पल चौकन्ना रहकर देशवासियों एवं देश की सीमाओं की सुरक्षा करते है, इसलिए हम सभी को देश के वीर जवानों एवं उनके परिवारीजनों के प्रति आभार प्रकट करते हुए सम्मान देना चाहिए। उन्होने कहा सरकारी अधिकारीध्कर्मचारी देश प्रेम के तहत अपने विभाग की लाभप्रद योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें और भारत एवं प्रदेश सरकार की सभी योजनाओं का लाभ निष्पक्षता पूर्वक पात्र व्यक्तियों को उपलब्ध करायें। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य सेवाओं में अच्छा योगदान करने वाले सीएमएस धीरेन्द्र सिंह तथा कटियार नसिंग होम के पदाधिकारी को प्रमाण पत्र प्रदान किया। ध्वजारोहण के दौरान अपर जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रत्युष पाण्डेय, टीओ कंचन भारती, नगर मजिस्ट्रेट जंग बहादुर यादव, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट माया शंकर,अभिहीत अधिकारी सतीश कुमार सहित अन्य अधिकारी एवं समस्त कलेक्ट्रेट कर्मचारी उपस्थित रहें।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी अविनाश कुमार ने शहीद स्मारक,कंपनी बाग से शहीद स्मारक सेमरिया तक आयोजित साइकिल रेस को ही झंडी दिखाकर रवाना करने के उपरान्त जिलाधिकारी के साथ चन्द्र शेखर आजाद व शहीदे आजम भगत सिंह की प्रतिमा पर नगर पालिका अध्यक्ष सुखसागर मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट प्रत्युष पाण्डेय, उप जिलाधिकारी दीक्षा जैन, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद रवि शंकर शुक्ला ने माल्यापर्ण किया तथा शहीद स्मारक पर वीर योद्वाओं की याद में पुष्पजंलि अर्पित करने के बाद जिलाधिकारी ने ध्वजारोहन कर सभी के साथ राष्ट्रगान गाया और इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने नगर मजिस्ट्रेट एवं समाज सेवी जोगेन्दर सिंह गांधी आदि के साथ गांधी भवन में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यापर्ण किया। इसके साथ ही जनपद में समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय भवनों एवं शिक्षण संस्थाओं के अलावा नगर निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ध्वजारोहण कर स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाकर वीर शहीदों को श्रद्वाजंलि अर्पित की गयी। इसी कड़ी में प्रातः 8.30 बजे नगर के पुलिस लाइन के सामने स्थित महात्मा गांधी जी की प्रतिमा पर मुख्य विकास अधिकारी, निरीक्षण भवन के सामने स्थित बाबा भीमराव अम्बेडर की प्रतिमा पर अपर जिलाधिकारी, सीएसएन डिग्री कालेज में स्थित स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोहन लाल वर्मा, चन्द्र शेखर आजाद, डा भीम राम अम्बेडर की प्रतिमा पर नगर मजिस्ट्रेट, कोश्रीश चन्द्र अग्रवाल एवं निरजंन सिंह देव की प्रतिमा पर अपर मुख्य अधिकारी पंचायत, बाल बिहार में बाल बिहार स्कूल संस्थापक राधा कृष्ण अग्रवाल की प्रतिमा पर प्रबंधक अतुल अग्रवाल तथा अरूणा पार्क में स्व मन्ना लाल पांडे वैद्य की प्रतिमा पर प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट द्वारा माल्यापर्ण किया। प्रातः 10 बजे राजकीय इण्टर कालेज हरदोई में छात्रों की अखण्ड भारत की श्रंखला आयोजित की गयी तथा दोपहर 12 बजे लायन्स क्लब हरदोई विशाल व भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने जिला कारागार में कैदियों को फल वितरण किया।

## पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने क्वार्टर गार्ड पर किया ध्वजारोहण,सुनाई कविता

हरदोई। 75वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन में पावन राष्ट्रीय त्यौहार धूम धाम व हर्षोल्लास से मनाया गया।इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार द्वारा क्वाटर गार्ड पर ध्वजारोहण किया गया तथा 157 पुलिस अधिकारीध्कर्मचारीगण को उत्कृष्ठ सेवा हेतु मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी,अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी बिलग्राम, क्षेत्राधिकारी हरियावां व अन्य अधिकारी ध् कर्मचारीगण मौजूद रहे। द्वारा समस्त जनपद वासियों, मीडिया बंधुओं व देश सेवा में कार्यरत समस्त जनपदवासियों को बधाई दी गयी व सभी के अच्छे स्वास्थ्य व उज्ज्वल भविष्य की कामनाएं की गई।स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने कविता पढ़ी।,एकता का संदेश देती कविताष्कदम मिलाकर चलना होगाष्सुनकर लोगों को भाव विभोर कर दिया।

## मनरेगा में घोटाले के आरोपी, पूर्व ग्राम प्रधान गिरफ्तार

इटियाथोक,गोंडा।स्थानीय पुलिस ने मनरेगा घोटाले में आरोपी, पूर्व ग्राम प्रधान को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।आरोप है, थाना क्षेत्र के गांव पंचायत दरियापुर हरदो पट्टी के पूर्व प्रधान बलराम उर्फ शिवकुमार तिवारी ने अपने कार्यकाल के दौरान मनरेगा योजना के तहत सारे काम कागजों में ही कराए, जबकि जमीनी धरातल पर सब शून्य रहा। ग्रामीणों की शिकायत पर विभागीय उच्चाधिकारियों ने स्थलीय जांच में पूर्व प्रधान को दोषी पाया। तदुपरांत प्रधान के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे।इसी कड़ी में आरोपी ग्राम प्रधान के विरुद्ध स्थानीय पुलिस ने धोखाधड़ी व शासकीय धन के दुरुपयोग सहित कई सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था।खबर है, पुलिस को आरोपी प्रधान की तलाश कई दिनों से थी।जो अब कानून के गिरफ्त में आ चुका है। गिरफ्तार कर्ता टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक राजेश कुमार पांडे का विशेष योगदान रहा।

## लोकवाणी जनसेवा केंद्र संचालक को ताबड़ तोड़ चाकुओं से हमला कर किया घायल

गोण्डा। (आरएनएस) लोकवाणी जनसेवा केंद्र संचालक को चकुवो से हमला कर फरार हुए हमलावर के भाई को पुलिस लायी थाने पर। पंकज सिंह निवासी अर्जुन बनकटी ने बताया वह राम नगर बाजार में लोकवाणी जनसेवा केन्द्र चलाता है जनसेवा केन्द्र पर साहब्बुद दीन निवासी जमादार पुरवा ने कुछ रुपये के लेन देन को लेकर कहा सुनी मे पंकज सिंह को ताबड तोड़ तीन चाकू मार कर भागने लगा जब कुछ लोग पकड़ने दौड़े तो फायर कर फरार हो गया । तभी 112 नम्बर डायल पुलिस मौके पर पहुंच गई।जानकारी होते ही थानाध्यक्ष भी रामनगर बाजर घटना स्थल पर पहुंच कर, फारार आरोपी के भाई को पुलिस थाने ले आयी है।

## भारत एवं प्रदेश सरकार की मंशा कि हर कृषक की आमदनी दोगुनी हो:सौरभ मिश्रा

हरदोई।(आरएनएस)आजादी की 75वीं वर्षगांठ के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बिलग्राम चुंगी स्थित कृषि फार्म पर कृषि विभाग की ओर से आयोजित आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद स्तरीय तिलहन मेला का उद्घाटन सदर विधायक ने फीता काट कर किया तथा कृषि से संबंधित विभागों की ओर से लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करने के उपरान्त दो प्रगतिशील किसानों को विभाग के माध्यम से अनुदान पर लिये गये ट्रैक्टर की चाबी प्रदान की तथा कार्यक्रम में जनपद के प्रगतिशील महिलाध्पुरूष कृषकों को शाल ओढ़ाकर एवं घड़ी व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष भाजपा सौरभ मिश्रा नीरज ने कहा कि भारत एवं प्रदेश सरकार की मंशा है कि हर कृषक की आमदनी दोगुनी हो, इसलिए जनपद के किसान भाई अच्छी उत्पादन वाली खेती करने के साथ फल, फूल एवं सब्जी की खेती एवं पशु पालन अवश्य करें और वैज्ञानिक विधि से खेती आदि करने के लिए कृषि विभाग के अधिकारियों के सम्पर्क में रहे। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष सौरभ मिश्रा ने कृषि प्रर्दशनी का अवलोकन कर प्रगतिशील कृषकों को प्रमाण पत्र प्रदान किये।कार्यक्रम में उप कृषि निदेशक डा नन्द किशोर ने कहा कि किसानों के हित एवं उन्नति के लिए सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि यंत्रीकरण,प्रसार सुधार (आत्मा),पीएम कुसुम, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई आदि योजनाएं संचालित की जा रही है जिसका जनपद के कृषक भाई लाभ उठायें। उन्होने कहा कि किसान भाई कृषि से सम्बन्धित किसी भी जानकारी के लिए ब्लाक स्तर के अलावा किसी भी कार्य दिवस में जनपद मुख्यालय पर आकर भी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते है। कार्यक्रम में सहायक निदेश मत्स्य, जिला कृषि अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार सहित भाजपा के पदाधिकारी, अन्य विभागिय अधिकारी एवं भारी संख्या में प्रगतिशाल व अन्य किसान उपस्थित रहे।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने वित्त राज्यमंत्री किया स्वागत

मवई–अयोध्या। रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव के नेतृत्व में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी का रुदौली विधानसभा के विभिन्न स्थानों पर जोरदार स्वागत किया गया। श्री चौधरी दिल्ली से लखनऊ हवाई मार्ग से पहुचे उसके बाद वे सड़क मार्ग से जन आशीर्वाद यात्रा लेकर अयोध्या के लिए प्रस्थान किया।जन आशीर्वाद यात्रा का नेतृत्व कर रहे पंकज चौधरी का रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा जगह जगह भव्य स्वागत किया गया।इसी क्रम में रुदौली विधानसभा क्षेत्र की सीमा पर स्थित रानीमऊ चौराहा पर मवई मण्डल अध्यक्ष अंजनी साहू, बी पी मवई के पास बाबा बाजार मण्डल अध्यक्ष संतोष मिश्रा,जिला कार्यकारिणी सदस्य निर्मल शर्मा,वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी के नेतृत्व में किया गया। स्वागत के क्रम में भेलसर में राम नरेश होटल पर रुदौली नगर मंडल अध्यक्ष शेखर गुप्ता, लोहिया पुल के निकट धर्म नगर पेट्रोल पम्प के पास रुदौली देहात मंडल अध्यक्ष विजय शंकर शुक्ला व शुजागंज मण्डल अध्यक्ष राम दीन वर्मा पार्टी जनों के साथ भव्य स्वागत किया।इस दौरान रुदौली विधायक राम चन्द्र यादव ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने 4 वर्षों में प्रदेश का कायाकल्प किया है। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार ने गरीब, किसान मजदूरों, निराश्रित व्यक्तियों के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाएं संचालित की हैं जिनका सीधा लाभ उन्हें मिल रहा है। उन्होने कहा कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य व्यवस्था सहित अन्य सुविधाओं को बेहतर किया गया है।उन्होंने ने कहा कि प्रदेश सरकार भी केंद्र सरकार की तरह उत्तर प्रदेश के किसानों को दो हजार रुपये किसानों के खाते में देने जा रही है।जिससे किसानों को खेती करने में सहूलियत होगी। इस मौके पर जिला कार्यकारिणी सदस्य निर्मल शर्मा वरिष्ठ भाजपा नेता तेज तिवारी सामाजिक कार्यकर्ता आदर्श चंद्र यादव,जिला मंत्री धर्मेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अंजनी साहू,संतोष मिश्रा,दीप चंद्र यादव,योगेश यादव,विकास यादव,सुनील मिश्रा, मनोज मिश्रा,सतीश यादव,अश्वनी यादव,संतोष जायसवाल, सुरेश चंद्र मिश्रा,हरिशंकर यादव,समाजसेवी जगन्नाथ यादव,गिरधारी यादव,रामजी यादव,राजेश यादव,भानू यादव,चंद्रिका चौहान आदि सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## समाजसेवियों ने हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

शाहाबाद,हरदोई। समाजसेवी संस्था चौंपियन एसोसिएशन फॉर आइडियल मूवमेंट्स के पदाधिकारियों द्वारा स्वतंत्रता दिवस का 75 वां जश्न बड़े धूमधाम से मनाया गया।रेलवे मार्ग स्थित एक पेट्रोल पम्प के परिसर में संस्था के संस्थापक डॉ अमित पाठक ने झण्डारोहण किया।जिसके बाद उपस्थित जनसमुदाय ने राष्ट्रगान गाकर देशभक्ति के जयकारे लगाए।संस्थापक डॉ अमित पाठक ने कहा कि यह स्वतंत्रता दिवस का मौका देश के लिये अपनी जान कुर्बान कर देने वाले शहीदों की देन है।इसलिये हमको शहीदों को सलाम करके उनकी शहादत को सदैव स्मरण करना चाहिए।इस मौके पर महामंत्री राजीव बाजपेई,आलोक पाठक,अनुपम बाजपेई,कुलदीप सैनी,शिवू खाँ, दिनेश मिश्रा,युवान,निखिल आदि मौजूद रहे।

## राम की पैड़ी पर भारत माता की आरती व पुष्पांजलि का हुआ आयोजन

अयोध्या। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव के अंतर्गत संस्कार भारती व अयोध्या महोत्सव के संयुक्त तत्वावधान में भारतमाता की भव्य आरती एवं पुष्पांजलि का कार्यक्रम राम की पैड़ी अयोध्या में सम्पन्न हुआ।कार्यक्रम का प्रारंभ संस्कार भारती के ध्येय गीत के साथ हुआ। स्वस्तिवाचन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के उपरांत दीप प्रज्ज्वलन का कार्य प्रारंभ हुआ।

संस्कार भारती का यह कार्यक्रम स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण होने के गौरवमयी क्षण को अविस्मरणीय बनाने के लिए किया गया है। इस आरती में 75 परिवारों के माध्यम से 7500 दीपकों को जलाकर मां भारती की भव्य आरती की गयी ।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह प्रान्त प्रचारक मनोज , विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय कवि संगम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगदीश मित्तल जी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता तीन कलश तिवारी मंदिर ,अयोध्या के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने की।संस्कार भारती के विभाग संयोजक एवं अयोध्या महोत्सव के अध्यक्ष हरीश कुमार श्रीवास्तव ने इस कार्यक्रम का संयोजन किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में अयोध्या महोत्सव के कार्यकारी अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी महासचिव नाहिद कैफ संस्कार भारती के प्रांतीय मंत्री शिव कुमार व्यास उपस्थित रहेस कार्यक्रम का संचालन डॉ. निखिल उपाध्याय ने किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनोज जी ने कहा की हमे इस इस प्रकार के कार्यक्रम राष्ट्रीय भावना का विकास करते हैं युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण का भाव उत्पन्न करते हैं और अखंड भारत के निर्माण की संकल्पना को पूर्ण करने हेतु अपना योगदान देते हैं। कार्यक्रम के संयोजक हरीश कुमार श्रीवास्तव ने अतिथियों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए संस्कार भारती द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम को मां भारती के श्री चरणों में समर्पित करते हुए कहां कि यह आयोजन तमसो मा ज्योतिर्गमय के वाक्य पर आधारित है जिसका उद्देश्य राष्ट्रीयता का विकास और संस्कारों का सृजन है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मोहन कृष्ण त्रिपाठी ने अपने आशीर्वचन में सब के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में संस्कार भारती के जिला अध्यक्ष सत्य प्रकाश मिश्रा अयोध्या ग्रामीण की अध्यक्ष श्रद्धा तिवारी और महानगर अध्यक्ष पूजा सिंह ने अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। आरती के कार्यक्रम में श्रीमती रेणुका रंजन श्रीवास्तव क्षेत्रीय संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान भाजपा,श्री अरुण द्विवेदी जिला अध्यक्ष राष्ट्रीय कवि संगम,श्री विजय यादव मोहित मिश्रा संरक्षक संस्कार भारती, बृज मोहन तिवारी क्षेत्रीय संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ भाजपा विवेक पांडे जिला संयोजक रिचा उपाध्याय श्रुति श्रीवास्तव सृष्टि सिंह राजेश गौड़ मौजूद रहे। भारत के मानचित्र को सुंदर स्वरूप देने के लिए सरिता सिंह अपने कार्यकर्ताओं के साथ उपस्थित रहीं।

## लापरवाह जिम्मेदारों के चलते,रेफर सेंटर बनकर रह गया,सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र

इटियाथोक,गोंडा। कस्बा इटियाथोक से सटे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है।अस्पताल में न तो कोई विशेषज्ञ है और न ही अन्य सुविधाएं हैं।ऐसे में लोगों को उपचार के लिए 20 किलोमीटर दूर स्थित जिला चिकित्सालय जाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है।

इस समय मौसम के बदलाव के चलते बुखार–खांसी के मरीजों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।ऐसे में स्टाफ की कमी और सुविधाओं के अभाव में मरीजों को दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।अस्पतालों की दशा सुधारने के लिए सरकार भले ही दावे कर रही हो, लेकिन स्थिति उससे एक दम उलटा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र इटियाथोक पर लापरवाह जिम्मेदारों के कारण सुविधाओं का टोटा है।स्टाफ की कमी के चलते मरीजों को सही से उपचार नहीं मिल पा रही है। अस्पताल में रोजाना सैकड़ों मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में स्टाफ की कमी के चलते गंभीर बीमारी वाले मरीजों को अस्पताल से रेफर कर दिया जाता है।अस्पताल में हड्डी रोग, बाल रोग, स्त्री रोग आदि के विशेषज्ञ नहीं हैं। एक्सरे टेक्नीशियन के रूप में हरिओम यादव की तैनाती तो है, लेकिन अस्पताल में एक्सरे मशीन नहीं है। ऐसे में इन रोगों से ग्रस्त मरीजों को उपचार के लिए गोंडा, लखनऊ आदि शहरों की तरफ रुख करना पड़ता है। इसके अलावा अस्पताल में साफ–सफाई की व्यवस्था भी लचर है। जगह–जगह जलभराव व दुर्गंध की भरमार है। वहीं विभाग के कुछ कर्मचारियों ने अपना नाम न छापने की शर्त पर बताया,कि लगभग तीन माह से अस्पताल में पीने के पानी की भारी किल्लत है। अस्पताल के कर्मचारियों सहित मरीज व उनके साथ आए तीमारदार बूंद–बूंद पानी को तरस रहे हैं। पूरा अस्पताल एक नल के सहारे अपनी प्यास बुझा रहा है।स्थानीय लोगों ने बताया, कि रात में डॉक्टर अस्पताल में नहीं रहते। सुविधाओं के अभाव में लोगों को प्राइवेट चिकित्सकों से इलाज करवाना पड़ता है।

# भनवापुर ब्लाक क्षेत्र के कई गांव बाढ़ के पानी से घिरे,लोग डरे





सच्चिदानन्द मिश्रा/
दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। भनवापुर ब्लाक क्षेत्र में लगातार दो दिन हुए भारी बारिश के कारण राप्ती का जल स्तर बढ़ने के कारण जहां कयी गांव बाढ के पानी से घिर गये वहीं विद्युत पावर हाउस,सीएचसी परिसर के साथ ही कन्या इंटर कालेज में जल भराव की स्थिति के कारण बच्चीयों के स्कूल आने में बाधा डाल रही हैं।डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के शाहपुर सिंगारजोत रोड, पर स्थित 132 केवीए पावर हाउस सिरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिरसिया, डॉ.राम मनोहर लोहिया कन्या इंटर कालेज सिरसिया के परिसर तथा आवास में बाढ़ का पानी भर जाने के कारण मरीजों को अस्पताल आने,तथा कोरोना के बाद खुले विद्यालय में बच्चियों को आने जाने में करीब दो फिट पानी में घुस कर आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।तहसील क्षेत्र के राप्ती के किनारे बसे गांव वीरपुर एहतमाली,तथा कोहल,पिकौरा, चंदनजोत,पेंड़रियाजीत,जुड़वनियां, तेनुई,नेहतुआ आदि दर्जनों गांव बाढ़ के पानी से पूरी तरह घिर गये तथा गांव से बाहर निकलने के लिए मुख्य मार्ग पर पानी में घुस कर जाना पड़ता हैं।क्षेत्र के गुडलेश श्रीवास्तव, लब्लू श्रीवास्तव, परशुराम दुबे, भानू पांण्डेय,अनिल कुमार यादव,अरून शर्मा,रवि प्रकाश श्रीवास्तव, लालजी शर्मा, नीलम श्रीवास्तव, राकेश पाठक,मोहम्मद अकरम खां, आदि ने तहसील प्रशासन से बाढ के समस्या के लिए सहायता की मांग की है।

## ग्राम प्रधान पकड़ी द्वारा किया गया झंडारोहण

दैनिक बुद्ध का सन्देश

गोला गोरखपुर। पूरा देश स्वतंत्रता दिवस की 75वीं वर्षगांठ मना रहा है ।इसी क्रम में पकड़ी के ग्राम प्रधान राणा प्रताप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय पकड़ी पर झंडारोहण कार्य किया। इस शुभ अवसर पर गांव के गणमान्य लोग मौजूद रहे ।उन्होंने लोगों से स्वतंत्रता की बातें तथा आजादी की कीमत बताई और गांव में हर व्यक्ति को स्वतंत्रता से रहने का और उन्हें उनकी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का वचन दिया । इस कार्यक्रम के दौरान गांव के गणमान्य लोग उपस्थित रहे ।जिसमें प्रधानाचार्य दिवाकर प्रसाद, शिक्षक प्रभाकर कुमार ,लक्ष्मी नारायण वर्मा , शैलेश शर्मा, मुरलीधर शर्मा,खरभान सिंह , जय नारायण यादव ,मलधर यादव,जयराम यादव ,अमरजीत वर्मा हरेंद्र चौरसिया, गणेश यादव ,अन्नू यादव, कमक्षाप्रसाद शर्मा ,सुरेश शर्मा,रामशेष शर्मा, अमरजीत वर्मा देवेंद्र यादव, गोधन सिंह ,राकू सिंह ,विशाल कुमार ,विवेक सिंह, राज सिंह तथा अन्य ग्राम सभा के सदस्य मौजूद रहे।



## हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसडर का प्रशिक्षण प्रारंभ

दैनिक बुद्ध का सन्देश

घोरावल/सोनभद्र। हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसडर का चार दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया ।मंगलवार को आयुष्मान भारत के अन्तर्गत बेसिक शिक्षा के स्कूलों में हेल्थ एण्ड वेलनेस एम्बेसडर बनाने के उद्देश्य से ब्लाक संसाधन केन्द्र में चार दिवसीय प्रशिक्षण के प्रथम बैच की शुरुआत चालीस शिक्षकों के साथ किया गया ।प्रशिक्षण का प्रारम्भ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के अधीक्षक मुन्ना प्रसाद व खण्ड



शिक्षा अधिकारी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन करके किया ।बताया गया कि जूनियर स्कूलों में जब बच्चे प्रवेश लेते हैं तो किशोरावस्था की शुरुआत होती है,ऐसे में बच्चों के भीतर तमाम तरह के शारीरिक और मानसिक परिवर्तन होते हैं,यदि इस समय उनकी समुचित काउन्सलिंग न की जाय तो उनमें कुण्ठा व हीनभावना घर कर जाती है जो उनके जीवन को प्रभावित करती है ।प्रशिक्षण देने वालों में डा. राकेश व एआरपी दीनबन्धु त्रिपाठी रहे,प्रथम दिन स्वस्थ बढना,भावनात्मक कल्याण व पारस्परिक सम्बन्ध माड्यूल पर प्रशिक्षण हुआ ।अपने उद्बोधन में खण्ड शिक्षा अधिकारी अशोक कुमार सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के प्रति आभार जताते हुये सभी शिक्षकों से प्रशिक्षण को मनोयोग से पूर्ण करने व विद्यालयों में लागू करने की बात कही ।अतिथियों का स्वागत एसआरजी संजय मिश्रा,एआरपी अखिलेश सिंह व संचालन दीनबन्धु त्रिपाठी ने किया ।इस अवसर पर एआरपी अविनाश शुक्ल,सुनील माथुर, डीपीएम प्रशांत दुबे,नीलम गिरी,इन्दु सिंह,नीलू सिंह समेत अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## फसल में जीवाणु झुलसा रोग से बचने के लिए दिया गया दवा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

भनवापुर। मंगलवार को आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र पर जनपद सिद्धार्थनगर के विभिन्न ब्लॉक से आए किसानों को धान की फसल में 'बैक्टीरियल लीफ ब्लाइट' का प्रकोप शुरू हो गया है। जीवाणु पर्ण अंगमारी रोग के प्रकोप से शुरूआत में पत्तियों पर धब्बे बनने शुरू हो गए हैं, जो बढ़कर ध ारियों का रूप ल लेती हैं पर चर्चा किया। प्रकोप बढ़ने पर आमतौर पर 14–22 प्रतिशत तक उत्पादन क्षति का आकलन किया गया है। दवा का वितरण केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश वर्मा, डॉ प्रदीप कुमार एवं डॉ एस एन सिंह द्वारा वितरित किया गया कृषि विज्ञान केंद्र सोहना के फसल सुरक्षा के कृषि वैज्ञानिक डॉ प्रदीप बताते हैं कि पत्तियों पर पहले हल्के भूरे रंग की धारियां शुरू होती हैं। रोग के लक्षण यह हैं कि पत्तियों की नोक या किनारे से शुरू होकर रोग नीचे की तरफ बढ़ता है और गंभीर ग्रसित पौधे झुलस कर धराशायी हो जाते हैं। समय रहते किसान यदि रोग नियंत्रण उपाय नहीं अपनाता तो आम तौर पर 14–22 प्रतिशत उत्पादन क्षति बढ़कर 60–70 प्रतिशत तक हो सकती है। डा. प्रदीप के अनुसार धान की फसल का यह विनाशकारी रोग है। इस रोग के नियंत्रण के लिए धान में किसान पांच सौ ग्राम कापर आक्सीक्लोराइड व छह ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लीन का दो सौ लीटर पानी में घोल बनाकर 10–12 दिनों के अंतराल पर दो बार छिड़काव करें। रसायनों के घोल में स्टीकर एक मिली प्रति लीटर पानी की दर से मिलाकर छिड़काव करें। इससे रसायनों की प्रभावशीलता करीब 40–50 प्रतिशत तक बढ़ जाती है। दवा पाने वालों में कपिल देव नंदेश्वर रामदेव यादव संतोष मिश्र कृष्ण देव तिवारी विजय बहादुर रवि प्रताप विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।



## किसानो को दोगुना लाभ दिलाने के लिए भाजपा कृत संकल्पितः ब्रजनन्दन सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सुकरौली बाजार/कुशीनगर। क्षेत्र पंचायत सुकरौली के ग्राम पंचायत अवरवॉ के महादनपुर सिहुलिया में आदिश्वर तिवारी के आवास पर एक भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा आयोजित किसान पंचायत में किसानों से जुड़ी सभी मुद्दों को शिद्दत से उठाया गया ।

बैठक के मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री बृजनंदन सिंह ने कहा कि जिस तरह से किसान अन्नदाता के रूप में धुप छाँवों को झेलकर अन्न पैसा कर लोगो का पेट भरने का करता है। ठीक उसी प्रकार भाजपा भी किसानो की बुनियादी समस्याओ का निराकर करने के लिए कम लागत में अधिक अन्न पैदा करने के साथ दोगुना एमएसपी के लाभ दिलाने के लिए हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी महाराज, के द्वारा निरन्तर किसानों को लाभकारी मूल्य दिलाने के लिए कृत संकल्पित है। प्रधानमंत्री सम्मान निधि,प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आयुष्मान भारत , सहित सैकड़ों योजनाएं चलाए जा रहे जिसका सीधा लाभ किसानों को डायरेक्ट प्राप्त हो रहा है '। उन्होंने कहा कि आगामी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले में होने वाले किसान पंचायत में प्रध ानमंत्री मोदी जी, मुख्यमंत्री योगी जी, द्वारा गन्ने का मूल्य बृद्धि का सम्मान जनक घोषणा की जायेगी। किसान मोर्चा के क्षेत्रीय मिडिया संजय तिवारी ने अपने संबोधन मे कहा कि देश के किसानो को वर्तमान प्राप्त होने वाले लाभो से बंचित करने वाले तथाकथित आन्दोलन जिवीं नेताओ से रहे सावधान। भाजपा किसान मोर्चा. के क्षेत्रीय महामंत्री श्री भागवत चौहान ने कहा कि भाजपा ही किसानो की एकमात्र हितैसी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीभागवत चौहान, संचालन संयोजक आदिश्वर तिवारी ने किया। उक्त अवसर नागेन्द्र तिवारी, ग्रामप्रधान प्रतिनिधि जयप्रकाश गौड़, मुन्ना पाण्डेय, जे पी शर्मा मखडू मद्देशिया, सहित पचासो किसान एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहें।



**न्यायालय सिविल जज (सी०डी०) सिद्धार्थ नगर**

प्रकीर्ण उत्तराधिकार वाद संख्या 46/सन् 2021

1. रामशंकर उम्र करीब 68 वर्ष पुत्र चन्द्रभान,निवासी ग्राम जोखवलिया, तप्पा–डबरा ,पर0 नौगढ़,तह0शोहरतगढ़,
जिला–सिद्धार्थनगर,हालमुकाम,ग्रामखुनुआ,तप्पा–बंजरहा,परगना–नौगढ़,तहसील–शोहरतगढ़,जनपद–सिद्धार्थनगर।

प्रार्थी................**बनाम/इस्टेट**

**प्रार्थना–पत्र अन्तगर्त धारा–372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम**

1. मृतक का नाम व मृत्यु का दिनांक व समय– **स्व. श्रीमती सुशीला पत्नी रामशंकर,मृत्यु दिंनाक 24.06.2019** 2.. मृत्यु के समय मृतक का निवास स्थान व पता यदि वह निवास स्थान जिस न्यायाधीशके समक्ष प्रार्थना पत्र प्रेषित है के सीमा क्षेत्र में नही है तो उस स्थिति में मष्तक के सम्पत्ति जो उस सीमा क्षेत्र मे स्थित नही है–ग्राम जोखवलिया, तप्पा–डबरा,परगना नौगढ़,तह0–शोहरतगढ़, जिला–सिद्धार्थनगर जो न्यायालय के सीमाक्षेत्र के अन्तगर्त स्थित है। 3.रिश्तेदार मष्तक मय पता व मष्तक से सम्बन्ध**–1.अरविन्द त्रिपाठी पुत्र तीर्थराम त्रिपाठी,निवासी ग्राम–खुनुवा,पर0नौगढ़,तह0 शोहरतगढ़,सि0नगर (मृतक का सगा भाई) 2.सम्पुर्णानन्द चौबे पुत्र रामभरोसे।**जनपद सिद्धार्थ नगर क्या धारा 372 के अन्तर्गत या अन्य किसी प्राविधान के अन्तर्गत प्रमाणपत्रस्वीकार करने में कोई अड़चन है या नही ?–**नही चुकि**.....आदि ने प्रमाण पत्र को अभ्रिप्राप्ति के लिए आवेदन दिया है और सन् 2021 के मास अक्टुबर के 01 दिवस को (01. 10.2021) आवेदन की सुनवाई के लिए तारीख नियत हुआ है ।अतः यह उद्घोषणा निकाली जाती है कि जिस किसी को भी उक्त आवेदन के संबंध में आपत्ति हो वह स्ंवय या आधिवक्ता द्वारा 10.00 बजे पूर्वान्ह न्यायालय सिविल जज सी0डी0 स्थान सिद्धार्थ नगर में नियत दिनांक पर उपसंजात होकर अपनी आपत्ति पेश करे ।उक्त दिनांक के असवान पर फिर किसी की आपत्ति न सुनी जायेगी और आवेदन के संबंध में यथोचित आदेश पारित होगा।

**दिनांक–17.08.2021**

**हस्ताक्षर**
**न्यायाधीश**
**न्यायालय की मुहर**

## इटवा नगर पंचायत मे वित्त राज्य मंत्री पंकज स्वागत

दैनिक बुद्ध का सन्देश

इटवा/सिध्दार्थनगर। इटवा नगर पंचायत सिद्धार्थनगर में



वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी के प्रथम आगमन पर विधान सभा इटवा मे भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा मंत्री का भव्य अभिवादन और स्वागत किया गया। शिक्षा मंत्री सतीश द्विवेदी ने वित्त राज्यमंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी का माला पहनाकर स्वागत अभिनंदन किया ।वहां उपस्थित सभी क्षेत्रवासियों व सम्मानित लोगों को वित्त राज्य मंत्री भारत सरकार पंकज चौधरी जी ने सम्बोधित किया। इस अवसर पर डुमरियागंज ससाद जम्दबिका पाल, जिला अध्यक्ष माधव यादव, राम कृपाल चौधरी जिला उपाध यक्ष, कृष्ण कुमार मिश्रा महामंत्री, रामशब्द उपाध्याय, विकास जायसवाल, सुरेश प्रजापति, व अन्य मण्डल अध्यक्ष सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

## जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक हुई संपन्न

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। विकास भवन के सभा कक्ष में ए०डी०एम०सीता राम गुप्ता की अध्यक्षता में जिला युवा सलाहकार समिति की वर्ष 2021 की पहली बैठक की गयी ।जिला युवा सलाहकार समिति की बैठक में जिला युवा अधिकारी मनीष सिंह ने रा०स्व०सेवको के वार्षिक कार्य योजना के विषय में विस्तृत चर्चा की ।जिसमें युवावो से जुड़े विषयों पर चर्चा की गयी ।बैठक में जीवन चंद्र आर्य,डॉक्टर भारत भूषण ,हरीशचंद्र यादव,संतोष कुमार निजामुद्दीन सिद्दीकी,कैप्टन नीरज कुमार श्रीवास्तव,दिव्या पाण्डेय,प्रीति उपाध्याय,गोविन्द कुमार वर्मा,रूपेश मिश्रा,ओम्कार नाथ मिश्र आदि उपस्थित रहे।

## खतरे के निशान के पास पहुंच गई सभी नदिया

### एन.डी.आर.एफ टीम ने किया बाढ़ क्षेत्र का दौरा

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। जनपद में पिछले 2 दिनों से नदियों का जलस्तर



लगातार बढ़ता जरा रहा है लगभग सभी नदियां खतरे के निशान के पास पहुंच गई है जिसके कारण लो–लैंड एरिया में पानी का भराव हो गया है पानी के भराव के कारण कई गांव मुख्य मार्ग से कट चुके हैं, जिला प्रशासन ने इन गांवों को मुख्य मार्ग से जुड़ने के लिए आवागमन हेतु लकड़ी के नाव की व्यवस्था किया है। इन प्रभावित गांवो का एन डी आर एफ और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा सलाहकार के साथ भ्रमण किया गया और गांव वालों के साथ बातचीत किया तथा उनको विश्वास दिलाया की एनडीआरएफ आपकी सेवा में सदैव तत्पर है।

## बच्चो ने धूम धाम से मनाया स्वतंत्रता दिवस

दैनिक बुद्ध का सन्देश

सिद्धार्थनगर। आईआईसीटी कंप्यूटर सेंटर उदयपुर जोगिया



डायरेक्टर नवाज अजीम के नेतृत्व में15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का भव्य समारोह मनाया गया जिसमें अनेक छात्र छात्राओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया ।जिसमे बतौर मुख्य अतिथि के रूप में अभयनारायण त्रिपाठी, सेवानिवृत्त कमिशनर, महाराष्ट्र ओजस्वी राज खण्ड विकास अधिकारी जोगिया ब्लाक, श मानवेन्द्र पाल , पिंटू एवं नितिन सिंह, 43वीं वाहिनी बटालियन, सिद्धार्थ नगर, सिंगर सोनू के के आर , एन के खान और कौशल अजीम, इमरान खान, मुकेश जायसवाल, रफीक खान, अब्दुल वसीम पूर्व प्रधान, सबलू खान, भंडारी पूर्व प्रधान, नवीन साहनी, सबलू साहनी, विक्कू शुक्ला, दिनेश यादव,तमाम छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।



# सम्पादकीय

निस्संदेह कोर्ट का यह कदम नैसर्गिक न्याय के अनुसार ही राजनीति व अपराध के अपवित्र गठबंधन को रोकने में सहायक होगा। हाल के दिनों में कई राज्य सरकारों ने अपने सांसदों व विध ायकों के खिलाफ दर्ज मामले वापस लिये हैं। निस्संदेह कई मामले ...

## जल्दबाजी में न खोलें स्कूल

आंकड़ों के हिसाब से संक्रमण की रफ्तार बेशक धीमी दिख रही हो, लेकिन कोरोना महामारी से अभी छुटकारा नहीं मिला है। वैक्सीन के लिए लंबी–लंबी कतारें लग रही हैं। फिर बच्चों के लिए तो वैक्सीन अभी आई तक नहीं। ऐसे में उन्हें स्कूल बुलाना उनकी सेहत के साथ खिलवाड़ हो सकता है। यह सही है कि हर कोई चाहता है कि स्थिति सामान्य हो और स्कूल फिर से गुलजार हों। स्कूल बंद होने के कारण कई तरह की गतिविधियां भी ठप हैं, जिनका सीधा संबंध आर्थिक व्यवस्था से है, लेकिन हालात कैसे हैं, यह भी किसी से छिपा नहीं है। पिछले दिनों हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और छत्तीसगढ़ समेत कई राज्य सरकारों ने स्कूलों को खोलने की कवायद की। कुछ राज्यों में स्कूलों ने अभिभावकों से दो–तीन बार सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाये। कई राज्यों में पहले 10वीं और 12वीं के बच्चों की पढ़ाई शुरू करवाई गयी, फिर कक्षा 6 से ऊपर के बच्चों को भी बुलाना शुरू हुआ। लेकिन इसी दौरान अनेक बच्चों के बीमार पडने की खबरें आईं और सरकारों को अपने फैसले से पीछे हटना पड़ा। हिमाचल सरकार ने फिलहाल 22 अगस्त तक स्कूलों में बच्चों को न बुलाने का फरमान जारी कर दिया है। राज्य सरकार ने तो अब बाहर से आने वालों के लिए कोरोना की नेगेटिव रिपोर्ट या वैक्सीन की दोनों डोज लगवाने का प्रमाणपत्र दिखाना भी अनिवार्य कर दिया है। इससे पहले हिमाचल प्रदेश ने अपने दरवाजे जैसे ही पर्यटकों के लिए खोले, तुरंत ही ज्यादातर पर्यटन स्थल श्ओवरलोडेड्य हो गये। नतीजतन, संक्रमण की दर बढ़ गयी और राज्य सरकार को फिर से कड़े कदम उठाने पड़े। पर्यटकों को श्बुलावा भेजनाद्य जैसी जल्दबाजी अनेक राज्यों ने स्कूल खोलने में भी दिखाई। इसके चलते अकेले हिमाचल प्रदेश में ही 150 से ज्यादा विद्यार्थी कोरोना की चपेट में आ गये। पंजाब में दो स्कूलों में 20 बच्चे श्पॉजिटिव्य मिले। इसी तरह छत्तीसगढ़ में 47 बच्चों को कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई है। कर्नाटक में करीब 500 बच्चे संक्रमित मिले। इनमें ज्यादातर बच्चे 10 से 17 साल के बीच के बताये जा रहे हैं। महाराष्ट्र में तो स्थिति और भी विकट है। यहां अकेले सोलापुर में ही 600 बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाये गये। बच्चों में बढ़ते संक्रमण से अभिभावक बेहद चिंतित हैं। विशेषज्ञों ने पहले से ही आगाह किया है कि तीसरी लहर में सबसे अधिक बच्चे ही प्रभावित हो सकते हैं, ऐसे में स्कूलों को खोलने की जल्दबाजी समझ से परे है। दूसरी लहर के खौफनाक मंजर से अभी हम उबरे भी नहीं हैं कि बच्चों के संक्रमित होने की खबरें व्यथित करने वाली हैं। बच्चों को स्कूल बुलाने से पहले हमें कई बातों पर गौर करना होगा। मसलन, यह सुनिश्चित करना होगा कि सभी शिक्षकों एवं अन्य स्टाफ को वैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हों। स्कूल परिसर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जा रहा हो और पर्याप्त दूरी पर बिठाकर पढ़ाई करवाई जा रही हो। लेकिन ये कवायदें भी तब हों जब हम वैज्ञानिक आधार पर श्कोविड से मुक्तिद्य की ओर बढ़ चले हों। कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए जारी श्गाइडलाइंसद्य को मानने में जब वयस्क ही लापरवाह नजर आते हैं, तो बच्चों के बारे में हम अंदाजा लगा सकते हैं। बच्चे तो बच्चे हैं, वे सामाजिक दूरी का ध्यान शायद ही रख पाएं। ऐसे में जरूरी है कि उनकी ऑनलाइन पढ़ाई को ही ज्यादा तार्किक और सटीक बनाने की ओर ध्यान दिया जाये। बेशक स्कूल अभिभावकों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करवाकर ही बच्चों को बुला रहे हों, लेकिन सहमति लेने भर से ही हमारे कर्तव्य की इतिश्री नहीं हो जाती। बच्चे देश का भविष्य हैं, भविष्य के साथ श्खिलवाड़्य ठीक नहीं। इसलिए अभी स्कूलों को खोलने में जल्दबाजी न ही दिखाई जाये।

## अनलॉक हुए सावन में लॉक हुई उम्मीदें

कुमार विनोद

श्एक बार आ जा, आ जाद्य की करुण पुकार इंद्र देवता ने सुन ही ली। सावन के अनलॉक होते ही अधिकांश प्राणियों के मन मयूर की भांति नाच उठे हैं। उनमें से कइयों को तो वैसी ही फीलिंग आ रही है जैसी किसी ट्विटरधारी को उसके ट्विटर अकाउंट से हटाए गए ब्लू–टिक फिर से बहाल होने पर आती है। यह बात दीगर है कि मंत्रिमंडल विस्तार के बावजूद झंडी वाली कार न मिल पाने की वजह से किसी नेता के दिल में उठने वाली हूक की मानिंद, थोड़ी–सी मायूसी भी इस मौसम में घुली हुई है।

सरकारी स्कूलों में अम्बर की छत के नीचे अपना भविष्य संवारने वाले बच्चे, कोरोना काल से पहले के उन दिनों को मायूस होकर श्मिसद्य कर रहे हैं जब वे श्रेनी डेजद्य वाली छुट्टी के रोमांच से उत्साहित होकर धमाल मचाया करते थे। ऑनलाइन पढ़ाई से कब के बोर हो चुके नौजवानों को, कॉलेज में ऑफलाइन ज्ञान अर्जित करने के दौरान श्भीगा बदन जलने लगाद्य टाइप गीतों की सत्यता जांचने–परखने के लिए मिलने वाला सुनहरा अवसर इस बार भी हाथ से निकलता हुआ दिखाई दे रहा है। लेकिन इतना जरूर है कि संसद के मॉनसून–सत्र से ठीक पहले हुई इंद्र देवता की कृपा के चलते सरकार भी इस सत्र के लिए नया नाम ढूंढने की कवायद से बच गई है। नहीं तो मॉनसून की गैर मौजूदगी में होने वाला मॉनसून–सत्र श्आंख के अंधे नाम नैनसुखद्य वाली कहावत याद दिला देता।

वैसे तो मॉनसून महाराज के पधारने से पहले ही बड़ी–बड़ी कंपनियों ने अपनी मुनाफे रूपी भैंस को पानी में जाने से बचाने के लिए श्मॉनसून धमाका सेलद्य के विज्ञापन रूपी छाते यत्र–तत्र–सर्वत्र तान दिए थे। श्घर बैठे बारिश और आंधी के अलर्ट पाएंद्य जैसी टैग लाइनों वाले श्वैदर एपद्य के विज्ञापनों की बौछारें, मॉनसून की गैर मौजूदगी में भी, लोगों की मोबाइल स्क्रीन को तर–बतर कर चुकी थीं। बहरहाल, मॉनसून के प्रकट होते ही, प्रशासन द्वारा बाढ़ से निपटने के लिए किए गए पुख्ता इंतजामों की कलई शीघ्र ही खुलने की उम्मीद मात्र से विपक्षी नेताओं की बांछें खिल गई हैं। बिजली के लम्बे–लम्बे घोषित–अघोषित कट्स के विरोध ा में धरना–प्रदर्शन कर रहे जन–सामान्य के आक्रोश से त्रस्त विद्युत विभाग के अधिकारियों ने अब जाकर राहत की सांस ली है। इन्द्र देवता के मेहरबान होते ही बिजली संकट से जूझ रही विभिन्न राज्य सरकारें और अधिक फजीहत से बच गई हैं। आइसक्रीम की दुकान पर उमड़ी भीड़ को देख एक अरसे से मन ही मन जल भुनकर राख हुआ श्पकोड़े वालाद्य मौसम के अंगड़ाई लेते ही गुनगुनाने लगा है – दुख भरे दिन बीते रे भइया, ग्राहक आयो रे!

## दिल खोलकर इनाम दे रही सरकारें

**दरअसल, नीरज की कामयाबी में उन्हें मिली सुविधाओं का भी योगदान है। उन्हें विदेशी कोच मिले। बायोमैकेनिकल विशेषज्ञ मिले। दूर तक भाला फेंकने की सामर्थ्य बढ़ाने वाली जर्मनी की महंगी मशीनें उपलब्ध हुईं। किसी खिलाड़ी को स्वर्णिम लक्ष्य के लिये तपस्या से गुजरना पड़ता है। नीरज को जब लगा कि अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में मुकाबले की ताकत जुटाने के लिये मांसाहारी होना पड़ेगा तो उन्होंने ...**

अरुण नैथानी

पानीपत के पानी का दुनिया को दम दिखाने वाला नीरज चोपड़ा जब से टोक्यो ओलंपिक से सोने का मेडल लेकर आया है, पूरे देश में उसकी बल्ले–बल्ले हुई है। देश के लोगों ने पलक–पांवड़े बिछाकर उसका स्वागत किया है। लक्ष्मी तो जमकर बरस रही है। सरकारें दिल खोलकर इनाम दे रही हैं। कॉरपोरेट जगत ने तो लाल कालीन ही बिछा दिया है। निस्संदेह, उसका कारनामा है ही इतना बड़ा। ओलंपिक में भारतीय भागीदारी के सौ सालों में पहली बार कोई खिलाड़ी एथलेटिक्स में सोने का तमगा लाया है। फ्लाइंग सिख मिल्खा सिंह और उडनपरी पीटी उषा जिस पदक के लिये सेकेंडों के अंतर से चूके थे, उस फिसलते पदक को नीरज ने जकड़ लिया। अपनी फुर्तीली चाल व लंबे बालों की वजह से जिस नीरज को श्मोगलीद्य कहा जाता रहा है, उसने लंबी स्वर्णिम छलांग लगा ही दी। खेल के दौरान कभी जिसकी कलाई टूटी हो और दो साल पहले कंधे की सर्जरी हुई हो, वह खिलाड़ी पूरी दुनिया के खिलाडियों को पछाड़ कर सोने का मेडल ले आये, तो वाहवाही तो बनती है। पक्की बात है नीरज का नाम भारतीय खेंलों के इतिहास में सोने के अक्षरों में दर्ज हुआ है। टोक्यो ओलंपिक में जैवलिन थ्रो यानी भाला फेंक में भारत के लिए इकलौता सोने का पदक नीरज चोपड़ा ही लाये। सुखद है कि जिन खेलों का आगाज मीराबाई चानू की चांदी से हुआ, उसका समापन नीरज के सोने से हुआ। यानी अंतर्राष्ट्रीय खेलों में भारतीय खिलाडियों के सोने–चांदी के दिन लौटे हैं। नीरज को इस बात का भी श्रेय है कि उसको पदक मिलते ही देश ने ओलंपिक के इतिहास में सबसे ज्यादा पदक का आंकड़ा भी छू लिया। क्वॉलिफिकेशन राउंड में अपने वर्ग में सबसे लंबी दूरी भाले से तय करके ही नीरज ने भारतीयों में पदक की भूख जगा दी थी।

ओलंपिक मुकाबले में 87.58 मीटर जैवलिन थ्रो फेंककर नीरज ने भारत की झोली में सोने का तमगा डाला। हालांकि, यह तेईस साल का गबरू जवान इस साल हुई इंडियन ग्रां प्री–3 में 88.07 मीटर भाला फेंककर अपना ही राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ चुका था। इससे पहले जून में पुर्तगाल के लिस्बन शहर में हुए अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंट में नीरज ने सोने का पदक जीता था जो अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद दुनिया की किसी बड़ी एथलेटिक्स चौंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाला दूसरा भारतीय एथलीट था।

पानीपत के एक छोटे से गांव से जीवन की शुरुआत करने वाले नीरज ने कभी नहीं सोचा था कि वह दुनिया का नंबर एक भाला फेंकने वाला बनेगा। वह लड़कपन से बेफिक्र व मस्त रहने वाला था। भारी–भरकम शरीर वाला नीरज हाथी जैसी मस्त चाल चलता था। कुर्ता–पायजामा पहने अस्सी किलो वजनी नीरज को मित्रमंडली सरपंच जी कहकर संबोधित करती थी। फिर फिटनेस की फिक्र हुई। तब पानीपत के स्टेडियम जाने का सिलसिला शुरू हुआ। पहले वॉलीबाल खेलना शुरू किया। बाद में दोस्तों के कहने पर जैवलिन थ्रो में हाथ आजमाया। खेल में जुनून पैदा हुआ तो बेहतर सुविध ाओं के लिये पंचकूला जाना बेहतर समझा। धीरे–धीरे देश के चोटी के खिलाडियों से सीखने को मिला और प्रतिस्पर्धा भी शुरू हई। अच्छी सुविधाएं मिलने लगीं। अच्छी गुणवत्ता वाला जैवलिन रास आने लगा। भाले की धार की मार दूर तक होने लगी। साल 2016 आते–आते पता चलने लगा कि भारत के एथलेक्टिस के आकाश में एक ध रुव तारे का उदय होने वाला है। दरअसल, इसी साल नीरज ने पोलैंड में अंडर ट्वेंटी वर्ग में आयोजित विश्व चौंपियनशिप में सोने का तमगा जीता। फिर तो नीरज ने मुड़कर नहीं देखा। वैश्विक स्पर्धाओं में उसके खेल की चर्चा होने लगी। गोल्ड कोस्ट में हुए राष्ट्रमंडल खेलों में जैवलिन थ्रो में उसने गोल्ड मेडल जीता। साल 2018 के एशियाई खेलों में 88 मीटर जैवलिन थ्रो कर राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाते हुए सोने का पदक जीता। फिर जिस बात का डर हर उदीयमान खिलाड़ी को होता है, नीरज को भी कंधे की चोट का शिकार होना पड़ा। उनके खेल की गति थम–सी गई। कई टूर्नामेंट खेल नहीं पाये। सर्जरी के बाद कई माह खेल को विराम देना पड़ा। फिर पूरी दुनिया को कोरोना ने अपनी चपेट में ले लिया तो अंतर्राष्ट्रीय स्पर्धाएं भी बाधित हुईं। शायद कुदरत ने नीरज को इस चोट से उबरने और नयी ऊर्जा देने के लिये यह समय दिया। इससे पहले 2012 में बॉस्केटबॉल खेलते वक्त नीरज कलाई तुड़वा बैठे थे। तब भी नीरज आशंकित थे कि मेरे भविष्य पर इसकी छाया न पड़े। लेकिन नीरज न केवल बिल्कुल ठीक हुए बल्कि आज भारत की झोली में यह सोने का तमगा भी डाल दिया।

दरअसल, नीरज की कामयाबी में उन्हें मिली सुविधाओं का भी योगदान है। उन्हें विदेशी कोच मिले। बायोमैकेनिकल विशेषज्ञ मिले। दूर तक भाला फेंकने की सामर्थ्य बढ़ाने वाली जर्मनी की महंगी मशीनें उपलब्ध ा हुईं। किसी खिलाड़ी को स्वर्णिम लक्ष्य के लिये तपस्या से गुजरना पड़ता है। नीरज को जब लगा कि अंतर्राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धाओं में मुकाबले की ताकत जुटाने के लिये मांसाहारी होना पड़ेगा तो उन्होंने शाकाहार को तिलांजलि दे दी। बहरहाल, नीरज निजी जिंदगी में मस्त रहते हैं। भाले के अलावा नीरज को बाइक चलाने का भी शौक है, बब्बू मान के गाने पसंद हैं और हरियाणवी रागनियां दिल को झंकृत करती हैं। वे कहते हैं, श्मैं सोने का मेडल जेब में लेकर टोक्यों में घूमता रहा, ये पूरे इंडिया का है।द्य अब नीरज की नजर 2024 के ओलंपिक पर है।

## निर्यात लक्ष्यों को हासिल करने का वक्त

**विश्व व्यापार संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक निर्यात में अभी भारत की स्थिति कमजोर बनी हुई है। कुल वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2 फीसदी से भी कम है। यद्यपि भारत ने निर्यात में इजाफा किया है लेकिन आकार में भारत चीन और अन्य कई एशियाई देशों से काफी पीछे है। कई देशों जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड और मलेशिया आदि ने निर्यात को आर्थिक बदलाव...**

जयंतीलाल भंडारी

चालू वित्त वर्ष 2021–22 में देश से निर्यात बढने का परिदृश्य उभरकर दिखाई दे रहा है। ऐसे में यह समय देश से निर्यात की प्रचुर संभावनाओं को साकार करने का है। हाल ही में 6 अगस्त को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश में भारतीय मिशनों के प्रमुखों और वाणिज्य और उद्योग के हिस्सेदारों के साथ वर्चुअल मीटिंग में चर्चा करते हुए कोरोना महामारी की चुनौतियों के बीच भारत से वस्तुओं के निर्यात बढ़ाने के चार मंत्र दिए हैं। एक, गुणवत्तापूर्ण और वैश्विक स्तर के घरेलू विनिर्माण को बढ़ाना। दो, ट्रांसपोर्ट और लॉजिस्टिक्स में आने वाली समस्याओं का शीघ्र निराकरण करना। तीन, केंद्र व राज्य सरकारों द्वारा निर्यातकों के लिए समन्वित रूप से काम करना। चार, भारतीय उत्पादों के लिए अंतर्राष्ट्रीय बाजार का विस्तार करके निर्यात को गति देना।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपात ऋण सुविधा गारंटी योजना, उत्पादन आधारित प्रोत्साहन योजना से उद्योग को मदद मिलेगी, जिसकी मदद से घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा मिलेगा। इस समय निर्यात जीडीपी का करीब 20 प्रतिशत है। हमारी अर्थव्यवस्था के आकार को देखते हुए हमारी क्षमता, हमारे विनिर्माण व सेवा क्षेत्र की दिशा में बहुत ज्यादा बढने की जरूरत है।

गौरतलब है कि कोरोना काल में दुनिया के विभिन्न देशों में दिए गए प्रोत्साहन पैकेजों और दुनिया में बाजारों के तेजी से पटरी पर आने से लोगों की मुट्ठियों में धन बढ़ा है और परिणामस्वरूप दुनियाभर में विभिन्न उत्पादों के निर्यात की संभावनाएं बढ़ रही हैं। अमेरिका में दिए गए विभिन्न प्रोत्साहन पैकेज उसके सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 27 फीसदी के बराबर हो गए हैं। विश्व बैंक का अनुमान है कि वर्ष 2021 में विश्व अर्थव्यवस्था 5.6 फीसदी की दर से बढ़ेगी। मॉर्गन स्टेनली के मुताबिक विश्व अर्थव्यवस्था 6.4 फीसदी, अमेरिकी अर्थव्यवस्था 5.9 फीसदी, यूरो अर्थव्यवस्था 5 फीसदी और यूके की अर्थव्यवस्था 5.3 फीसदी की दर से बढ़ सकती है। इससे भारत से होने वाले निर्यात की गति भी बढ़ेगी।

चालू वित्त वर्ष 2021–22 के अप्रैल से जुलाई के पहले 4 महीने के दौरान भारत का निर्यात 130.56 अरब डॉलर रहा है, जो उसके कुल 400 अरब डॉलर के सालाना निर्यात के लक्ष्य का एक– तिहाई है। आत्मनिर्भर भारत से अर्थव्यवस्था को बल मिल रहा है। अप्रैल–जुलाई 2021 के दौरान निर्यात पिछले साल की समान अवधि में हुए निर्यात से 73.86 प्रतिशत और 2019 की समान अवधि की तुलना में हुए निर्यात से 21.85 प्रतिशत ज्यादा है। यह भी कोई छोटी बात नहीं है कि कोरोना काल में जब दुनिया के कई खाद्य निर्यातक देश कोरोना महामारी के व्यवधान के कारण चावल, गेहूं, मक्का और अन्य कृषि पदार्थों का निर्यात करने में पिछड़ गए, ऐसे में भारत ने इस अवसर का दोहन करके कृषि निर्यात बढ़ा लिया। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक देश दुनिया के पहले दस बड़े कृ षि निर्यातक देशों में चमकते हुए दिखाई दे रहा है। वित्त वर्ष 2021–22 के दौरान देश से कृषि एवं संबद्ध उत्पादों के रिकॉर्ड निर्यात की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं।

यह कोई छोटी बात नहीं है कि भारत से वाणिज्यिक वस्तुओं का निर्यात जुलाई 2021 में बढ़कर 35.17 अरब डॉलर पहुंच गया। यह 9 साल का रिकॉर्ड स्तर है। जुलाई, 2019 की तुलना में निर्यात में 34 प्रतिशत वृद्धि और पिछले साल जुलाई की तुलना में 48 प्रतिशत वृद्धि हुई है। पेट्रोलियम उत्पादों, इंजीनियरिंग के सामान और रत्न एवं आभूषण क्षेत्र में मांग ज्यादा होने की वजह से इनके निर्यात में बड़ी तेजी आई है। कोविड–19 के कारण दुनियाभर में चीन के प्रति बढ़ती नकारात्मकता के बीच भारत ने कोरोना से लड़ाई में सबके प्रति सहयोगपूर्ण रवैया अपना कर पूरी दुनिया में निर्यात के नए मौके भी बढ़ाए हैं। भारत का फॉर्मा और एग्रीकल्चर सेक्टर दुनिया के कई देशों के मददगार बने हैं। देश से निर्यात में तेजी आने का एक बड़ा कारण कोरोना संक्रमण की दूसरी लहर के बीच विनिर्माण क्षेत्र को लॉकडाउन से बाहर रखने के कारण उत्पादन में गतिरोध नहीं आना है। देश में कॉर्पोरेट कर दर को घटाया गया है। कई अहम क्षेत्रों में उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजनाओं ने पहली बार कच्चे माल के बजाय उत्पादन को बढ़ावा दिया है। श्रम कानूनों को सरल किया गया है। एमएसएमई की परिभाषा को सुधारा गया है ताकि उनका आकार बढ़ सके और उन्हें एमएसएमई का लाभ मिले। इन कदमों से घरेलू उद्योग का आकार बढ़ाने में मदद मिली और निर्यात भी बढ़े।

विश्व व्यापार संगठन की रिपोर्ट के मुताबिक वैश्विक निर्यात में अभी भारत की स्थिति कमजोर बनी हुई है। कुल वैश्विक निर्यात में भारत की हिस्सेदारी 2 फीसदी से भी कम है। यद्यपि भारत ने निर्यात में इजाफा किया है लेकिन आकार में भारत चीन और अन्य कई एशियाई देशों से काफी पीछे है। कई देशों जापान, दक्षिण कोरिया, चीन, थाईलैंड और मलेशिया आदि ने निर्यात को आर्थिक बदलाव का वाहक बनाया है। इनकी मान्यता रही है कि मजबूत निर्यात विकास के लिए जरूरी है। इन देशों में निर्यात बढ़ाने के लिए प्रोत्साहन वाला ढांचा तैयार किया गया है। इसके तहत बैंकों से रियायती ऋण, निर्यात सब्सिडी और शोध एवं विकास के लिए विशेष प्रोत्साहन शामिल किए गए। इन देशों ने श्रम आधारित उद्योगों में अपनी क्षमता विकसित की और ये देश विनिर्माण मूल्य शृंखला में तेजी से आगे बढ़े। इन देशों ने बुनियादी क्षेत्र में सार्वजनिक निवेश के जरिये लॉजिस्टिक्स की लागत को कम करने तथा कई नीतिगत क्षेत्रों को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण काम किया है।

चालू वित्त वर्ष 2021–22 में 400 अरब डॉलर का लक्ष्य पाने के लिए अब अगस्त से अप्रैल 2022 तक के आठ महीनों में प्रति माह करीब 33.68 अरब डॉलर का लक्ष्य पाना होगा। इसके लिए देश के निर्यात बास्केट के विविधीकरण और साथ ही नए उत्पादों को चिन्हित करने की जरूरत है, जिससे उनका निर्यात संबंधित बाजारों में किया जा सके। निर्यात बढ़ाने के लिए निजी क्षेत्र के ऋण अनुपात को बढ़ाना होगा। बिजली, लॉजिस्टिक्स की लागत में कमी तथा श्रम कानून व अन्य बाधाएं दूर करने की भी जरूरत है। इसी प्रकार देश के निर्यात क्षेत्र के विस्तार की भी जरूरत है।

यह भी जरूरी है कि विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज), एक्सपोर्ट ओरिएंटेड यूनिट (ईओयू), औद्योगिक टाउनशिप एवं ग्रामीण इलाकों में काम कर रही निर्यात इकाइयों से निर्यात बढ़ाए जाने के विशेष प्रयत्न किए जाएं। देश में निर्यातकों को सस्ती दरों पर और समय पर कर्ज दिलाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जानी होगी। चूंकि पिछले कुछ सालों में निर्यात कर्ज का हिस्सा कम हुआ है, ऐसे में किफायती दरों पर कर्ज सुनिश्चित किया जाना जरूरी है। सरकार के द्वारा अन्य देशों की गैर शुल्कीय बाधाएं, मुद्रा का उतार–चढ़ाव, सीमा शुल्क अधि ाकारियों से निपटने में मुश्किल और सेवा कर जैसे निर्यात को प्रभावित करने वाले कई मुद्दों से निपटने की रणनीति जरूरी है।

# लग्जरी वाहनों के गिरोह तक पहुंची एसओजी, लखनऊ से दो को उठाया

**देवरिया।** जिले की एसओजी टीम ट्रेवल एजेंसी से वाहन बुक कराकर लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में बदमाशों के करीब पहुंच गई है। खुखुंदू थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव के समीप बदमाशों ने जुलाई में कार लूट कर फरार हो गए थे। पुलिस घटना का जल्द पर्दाफाश करने का दावा कर रही है। एसओजी टीम ने इस मामले में लखनऊ से दो बदमाशों को उठाया है। गिरफ्तार बदमाशों के तार लूट की घटना से जुड़े हैं। यह गिरोह लंबे समय से सक्रिय है। कई जिले में ट्रेवल एजेंसियों से वाहन बुक कराकर लूट की घटना को अंजाम दे रहा है। लखनऊ के काकोरी थानाक्षेत्र के सीले बिहार कालोनी दुबग्गा के रहने वाले पप्पू अली पुत्र शाकिर अली की स्विफ्ट डिजायर कार 11 जुलाई को तीन लोग बुक कराकर देवरिया के लिए चले। देवरिया आने के बाद उन्होंने बलिया चलने को कहा और बलिया से लौटते समय 13 जुलाई को चालक की पिटाई कर उसका हाथ पैर बांध कर खुखुंदू थाना क्षेत्र के मझवलिया गांव के समीप पुलिया के नीचे फेंक कर फरार हो गए। पुलिस इस मामले में पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। बलिया में जिस होटल में बदमाश रुके थे, वहां से मिले आधार कार्ड को आधार बनाकर पुलिस बदमाशों तक पहुंचने का प्रयास कर रही थी। जिसमें पुलिस को अब काफी हद तक सफलता मिल गई है। खुखुंदू थानाध्यक्ष अनिल यादव ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही बदमाशों को गिरफ्तार कर घटना का पर्दाफाश किया जाएगा।

# चोरी का पर्दाफाश, पकड़े गए दो चोर

**देवरिया।** लगातार शहर में हो रही चोरी की घटनाओं से परेशान कोतवाली पुलिस आखिरकार सफलता मिल गई। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर दो चोरों को उठाया और नौ जुलाई की रात ट्यूबवेल कालोनी में हुई चोरी की घटना का राजफाश हो गया। इसे किसी और ने नहीं मकान मालिक के लड़ने के दोस्त के साथ मिलकर घटना को अंजाम दिया। कोतवाली में पर्दाफाश करते हुए प्रभारी कोतवाल विपिन मलिक ने बताया कि दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उनके पास से चोरी के सोने, चांदी के आभूषण, नकदी, लैपटाप व अन्य सामान बरामद हुए हैं। वादी सपना सिंह पत्नी जितेन्द्र सिंह निवासी ट्यूबवेल कालोनी थाना कोतवाली की तहरीर पर नौ जुलाई की रात चोरी की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना किया जा रहा था। वादी किराये पर मकान में रहती है। घटना के समय कमरे में ताला बंदकर अपने घर गई थी।

मुखबिर की सूचना पर चकियवा मोड़ के पास से दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। दोनों गिरफ्तार अभियुक्तों में मकान मालिक उमेश चंद्र त्रिगुणायक के पुत्र विशाल त्रिगुणायक निवासी, डा. समीर यादव की गली, ट्यूबवेल कालोनी व राबिन अहमद उर्फ गब्बू पुत्र अब्दुल गनी निवासी न्यू कालोनी मस्जिद के पास थाना कोतवाली के रहने वाले हैं। अभियुक्तों के पास से चोरी की सोने की एक चेन, एक अंगूठी, चांदी की दो जोड़ी पायल, चांदी का तीन सिक्का, चांदी की छह अदद बिछिया, एक लैपटाप व 11,00 रुपये बरामद किया गया। चोरों की गिरफ्तारी व पर्दाफाश में वरिष्ठ उपनिरीक्षक विपिन मलिक, उप निरीक्षक अश्वनी सिंह, उप निरीक्षक महेंद्र मोहन मिश्र, उप निरिक्षक सुभाष पांडेय के साथ पुलिस टीम लगी रही।

# खेल के प्रति युवाओं में रूचि पैदा हो, इस हेतु योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये

गोरखपुर 17 अगस्त 21। जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने बताया कि शासन द्वारा खेल कार्यक्रमों के विकास एवं खिलाड़ियों के खेल में निखार लाने के लिए समुचित अवसर प्रदान करने के दृष्टिगत विविध योजनाएं क्रियान्वित की गयी है। खेल के प्रति युवाओं में रूचि पैदा हो, इस हेतु योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाये। खेल स्वास्थ्य के बेहतरी के साथ साथ आपसी मैत्री संबंधों को भी प्रगाण बनाता है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेलों का भी काफी महत्व है और खेल में लड़कियों को भी आगे आना चाहिए। उक्त बातें जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि समिति की बैठक नियमित रूप से करायी जाये तथा उसका अनुश्रवण निरन्तर किया जाये। खेल के माध्यम से लोगों में जुड़ाव के साथ साथ व्यक्तित्व का विकास होता है, इसे जनाभियान के रूप में मनाये। उन्होंने यह भी कहा कि प्रतिभाओं को अवसर की समानता प्रदान की जाये और हर तरह के खेल के लिए अवस्थापना सुविधाओं के साथ साथ कोच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिला प्रशासन खेलों को विकसित करने की दिशा में हर संभव सहयोग हेतु तत्पर है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने रीजनल स्टेडियम में उपलब्ध खेल अवस्थापनाओं, बैडमिन्टन हाल, कुश्ती हाल, बाक्सिंग हाल के जीर्णोद्धार तथा इन हालों की साफ सफाई हेतु सफाई कर्मचारी तैनात करने के निर्देश देते हुए कहा कि स्टेडियम में पेयजल व्यवस्था हेतु आर.ओ. वाटर की उपलब्धता के प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी इन्द्रजीत सिंह, नगर मजिस्ट्रेट अभिनव रंजन श्रीवास्तव सहित विभिन्न विभागों के संबंधित अधिकारी गण तथा खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# आपदा से बचाव के लिए ग्रामीणों को दी गई जानकारी

**देवरिया।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं यूनिसेफ के सहयोग से रुद्रपुर तहसील के जगरनाथपुर ग्राम पंचायत में व सलेमपुर क्षेत्र के मनिहारी में शिविर आयोजित कर आपदा से बचाव की जानकारी दी गई। वरिष्ठ चिकित्सक एवं यूनिसेफ के तकनीकी प्रशिक्षक डा. सुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि आमजन की सहभागिता से ही भविष्य में आने वाली आपदाओं को रोका जा सकता है।

कहा कि इस कड़ी में ग्राम आपदा प्रबंधन योजना का गठन किया जा रहा है। उन्होंने ग्रामीणों को सर्पदंश से होने वाली मौतों से बचने के लिए उपाय, लू व शीतलहर से बचने के लिए जानकारी दी। सर्पदंश से मिलने वाली सरकारी सहायता पर भी चर्चा की। प्रशिक्षक विजय प्रताप सिंह ने ग्राम आपदा प्रबंधन के तहत गठित किए जाने वाले आठों समूह, जिसमें सूचना एवं चेतावनी दल, आश्रय, प्राथमिक सहायता दल, पेयजल समिति के साथ–साथ खोज बचाव दल के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। साथ ही बिजली और भूकंप से बचाव के तरीके भी बताए गए। विजय प्रताप सिंह कहा कि ग्राम पंचायत विकास योजना बनाते समय आपदाओं को प्राथमिकता के साथ जोड़ा जाए। जिससे प्रतिवर्ष होने वाली आपदा से बचा जा सके। आपदा मित्र इंद्रदत्त नायक ने बाढ़ से बचाव के तरीकों पर ग्रामीणों से चर्चा की। इस दौरान रुद्रपुर के ग्राम जगरनाथपुर में ग्राम प्रधान उदयभान पाल, ग्राम सचिव अनिल कुमार सिंह, सहायक अध्यापक संजय यादव, कुसुमावती देवी, सारिका पांडेय, रीता नायक व सलेमपुर क्षेत्र मनिहारी में विकास कुशवाहा, लेखपाल अतुल कुमार, रमेश यादव, कलपाती देवी, हरेंद्र साहनी आदि उपस्थित रहीं। इस दौरान आपदा प्रबंधन के तहत समूह गठित करने के लिए प्रेरित किया गया।

# नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा

देवरिया । सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। सरयू नदी खतरे के निशान से 80 सेमी ऊपर बह रही है। कपरवार में राप्ती नदी का भी जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। दोनों नदियों का जलस्तर बढ़ने से बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। भदिला प्रथम गांव बाढ़ के पानी से घिरा हुआ है। बरहज संवाददाता के अनुसार सोमवार को सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.35 मीटर पर बह रही है। को सरयू नदी खतरे के निशान 66.50 मीटर से ऊपर 67.30 मीटर पर बह रही थी। नदी का जलस्तर खतरे के निशान से 85 सेंटीमीटर ऊपर है। 24 घंटे में जलस्तर में 20 सेंटीमीटर की वृद्धि हुई है। तटवर्ती गांव के लोग बाढ़ को लेकर भयभीत हैं। जलस्तर में वृद्धि जारी रहा तो नदियों का पानी मैदानी क्षेत्रों में फैल जाएगा। कटइलवा गांव से पश्चिम नदी उफान पर है। राजपुर नौकटोला के दक्षिण तक सरयू नदी का बाढ़ का पानी ऊपर आ गया है। उपजिलाधिकारी संजीव कुमार यादव ने बताया कि सरयू और राप्ती नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जहां जरूरत होगी वहां नाव लगाई जाएगी। प्रशासन किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। राप्ती और गोर्रा के जलस्तर में भी वृद्धिः रुद्रपुर : दोआबा क्षेत्र में नदियां उफान पर हैं। गोर्रा अब खतरे के निशान से मात्र एक मीटर दूर है। जो कभी भी खतरे के निशान 70.50 मीटर को पार कर सकती है। सोमवार को गेज स्थल भेड़ी के समीप राप्ती 69. 75 मीटर और गोर्रा 70.05 मीटर पर प्रवाहित हो रही थी। 24 घंटे के अंदर राप्ती 25 सेमी गोर्रा के जलस्तर में 30 सेमी की वृद्धि दर्ज की गई है। दोनों नदियों के खतरे का निशान बाढ़ विभाग ने 1998 में बाढ़ के बाद 70.50 मीटर निर्धारित किया है। जलस्तर बढ़ने से नदियों का दबाव सिलहटा, करनपुरा पिड़रा–भुसउल, तिघरा–मराक्षी, बेलवा जमींदारी बांध सहित अन्य तटबंधों पर लगातार बढ़ता जा रहा है।

# देश की दिशा व दशा बदलने के लिए पीएम प्रयत्नशीलः कृषि मंत्री

**देवरिया।** टाउनहाल परिसर स्थित आडिटोरियम में को अमृत महोत्सव के तहत किसान सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाले 75 किसान सम्मानित किए गए। कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही ने कहा कि किसी भी देश की आजादी का 75 वर्ष पूरा होना परिपक्वता का परिचायक है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश की दिशा व दशा बदलने के लिए प्रयत्नशील हैं। किसानों की आमदनी 2022 तक दोगुना हो, इसके लिए कार्य किया जा रहा है। जनपद में 459482 किसानों को अबतक 704 करोड़ रुपये की धनराशि दी जा चुकी है। सांसद डा. रमापति राम त्रिपाठी ने कहा कि किसान तकनीकी रूप से जुड़कर आर्थिक उन्नयन करें। इस मौके पर गन्ना किसान संस्थान के उपाध्यक्ष नीरज शाही, जिलाधिकारी आशुतोष निरंजन, भाजपा जिलाध्यक्ष अंतर्यामी सिंह, उप निदेशक कृषि डा.आशुतोष कुमार मिश्र ने संबोधित किया। संचालन कृषि वैज्ञानिक संतोष चतुर्वेदी ने किया। इस मौके पर विभिन्न विभागों की तरफ से लगाए गए स्टालों का अतिथियों ने अवलोकन किया। प्रगतिशील किसान वेदव्यास सिंह, रमेश सिंह, गोविद पांडेय, सावित्री राय ने अनुभव साझा किया। कृषि विज्ञान केंद्र के डा.रजनीश श्रीवास्तव, इफ्को प्रबंधक विनोद कुमार सिंह ने जानकारी दी। इस मौके पर प्रभारी सीडीओ श्रवण कुमार राय, एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, ब्लाक प्रमुख पथरदेवा सुब्रत शाही आदि मौजूद रहे। प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित दहारी शर्मा धान की खेती, रविद्र किशोर राय बागवानी, ध्रूप सिंह डेयरी फार्म, सुभाष कुशवाहा सब्जी की खेती, शंभूनाथ सिंह गन्ने की खेती, प्रगतिशील कृषक बिजुली सिंह, मनोज यादव, रणधीर सिंह, मनोज कुशवाहा, दुष्यन्त राय, रामप्रवेश यादव, महातम प्रजापति, लल्लन राव, शैलेश्वर पटेल, मनोज राय, तारा मल्ल, गजाधर मणि, विरेंदर पांडेय, महिला किसान स्वयं सहायता समूह आत्मा के तहत कुमकुम देवी, गुड्डी देवी, शीला देवी, मीना देवी, रमावती देवी, अंजू देवी, बादामी देवी, जिलेबा देवी, शकुन्तला देवी, कमलेश, माधुरी देवी। प्रगतिशील मत्स्य पालकों में गंगा शरण श्रीवास्तव, शिव प्रसाद, संजीव राव, रासिद खान, उदयभान मिश्र, संजीत कुमार राय, पशुपालकों में मो. काजीम राजा खान, विनय मणि, मुन्ना सिंह, संजीव कुमार सिंह, राहुल कुमार यादव, यदुपति यादव, जुगूल किशार सिंह, मनोज भारती, औद्यानिक क्षेत्र से जुड़े सुरेंद्र चौहान, अर्जुन कुशवाहा, हसनैन, विनोद मिश्र, सम्पूर्णानंद मल्ल, दयानंद, अनिल सिंह, दिनेश मौर्या, विरेन्द्र यादव, विजय प्रताप सिंह।

# माहवार पूरे होने वाले निर्माण कार्यों की सूची तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराये

बस्ती । विकास कार्यो में तेजी लाने तथा निर्माण कार्यो को समय से पूरा करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 राजेश कुमार प्रजापति ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है। विकास भवन सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होने कहा कि माहवार पूरे होने वाले निर्माण कार्यो की सूची तीन दिन के भीतर उपलब्ध कराये। उन्होने निर्देश दिया कि 755 पंचायत भवन का निर्माण पूरा करने में तेजी लाये। उन्होने 07 पंचायत भवन जिनके लिए भूमि उपलब्ध नही हुयी है कि सूची देने के लिए डीपीआरओ को निर्देशित किया है।

उन्होने कहा कि पराली प्रबन्धन के लिए शासन द्वारा विशेष जोर दिया जा रहा है। सभी खण्ड विकास अधिकारी पराली प्रबन्धन के लिए कार्ययोजना तैयार कर लें तथा सुनिश्चित करे कि इसे खेत में न जलाया जाय। उन्होने इस कार्य के लिए सभी ग्राम प्रधानों को जागरूक करने का भी निर्देश दिया है। उन्होने कहा कि गोशालाओं में रखे गये गोवंशीय पशुओं को ग्रामवासियों को सुपुर्दगी में दें।

उन्होने निर्देश दिया है कि 19 अगस्त को पूरे जिले में मोहल्ला पाठशाला की पुनः जॉच करायी जायेंगी। सभी खण्ड शिक्षा अधिकारी सुनिश्चित करे कि सभी स्कूलों के अन्तर्गत मोहल्ला पाठशाला का संचालन नियमित हों। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि 23 अगस्त से खुलने वाले जूनियर हाई स्कूल में पेयजल तथा शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित कराये। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही होंगी। उल्लेखनीय है कि विगत जॉच में 525 मोहल्ला पाठशाला संचालित होना नही पाया गया था, जिसके लिए जिम्मेदार के विरूद्ध कार्यवाही भी की गयी है।

उन्होने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया है कि बाढ क्षेत्र में पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुसार कार्य कराना सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि जिले में अभी बाढ की स्थिति नही है लेकिन लगातार बारिश होने से जलप्लावन हो रहा है। ऐसी स्थिति में बाढ चौकियों को सक्रिय करें। वहॉ तैनात कर्मचारियों की उपलब्धता सुनिश्चित करावे, नाव की व्यवस्था रखें।

उन्होने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि ग्राम पंचायत को आवंटित धनराशि के व्यय में तेजी लाये। अभी तक मात्र 34 प्रतिशत धनराशि व्यय हो पायी हैं। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में समूह गठन का कार्य संतोषजनक है।

# प्रियंका गोस्वामी खेल जगत की सम्भावनाओं से युक्त प्रतिभावान खिलाड़ी



गोरखपुर । पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबन्धक एवं पूर्वोत्तर रेलवे क्रीड़ा संघ (नरसा) के संरक्षक श्री विनय कुमार त्रिपाठी ने टोक्यो ओलम्पिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करने वाली पूर्वोत्तर रेलवे की एथलीट प्रियंका गोस्वामी को उनके प्रदर्शन के लिये बधाई देते हुये उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की । श्री त्रिपाठी ने कहा कि प्रियंका गोस्वामी खेल जगत की सम्भावनाओं से युक्त प्रतिभावान खिलाड़ी हैं तथा भविष्य में निश्चित रूप से वे पूर्वोत्तर रेलवे, भारतीय रेल तथा राष्ट्र का नाम अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन से पूरे विश्व में रोशन करेंगी । ज्ञातव्य है कि प्रियंका गोस्वामी आज 17 अगस्त,2021 को महाप्रबन्धक श्री विनय कुमार त्रिपाठी से मिलकर नरसा द्वारा उन्हें खेल सम्बन्धी उपलब्ध कराई जा रहीं सुविधाओं एवं उन्नत प्रशिक्षण के प्रति आभार व्यक्त करने आयी थीं। इस अवसर पर नरसा के अध्यक्ष एवं मुख्य कारखाना प्रबन्धक/यांत्रिक कारखाना श्री योगेश मोहन, महासचिव एवं मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री पंकज कुमार सिंह, क्रिकेट सचिव एवं महाप्रबन्धक के सचिव श्री डी.के.खरे, सचिव/क्रास कंट्री एवं वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी/यातायात श्री अमित कुमार श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष तथा वरिष्ठ सतर्कता अधिकारी/लेखा श्री जयप्रकाश एवं सहायक क्रीड़ाधिकारी तथा भारतीय कुश्ती टीम के कोच श्री चन्द्र विजय सिंह आदि उपस्थित थे । ज्ञातव्य है कि प्रियंका गोस्वामी 20 किमी. वाक (तेज चाल) की उदीयमान खिलाड़ी हैं। इन्होंने रांची में आयोजित इण्टरनेशनल वाक चैम्पियनशिप–2021 में मात्र 1 घंटा 28 मिनट एवं 45 सेकेण्ड का समय लेकर पहला स्थान प्राप्त किया तथा टोक्यो ओलम्पिक के लिये क्वालीफाई की। टोक्यो ओलम्पिक में भाग ले रहे 60 खिलाड़ियों में से आपने 17वां स्थान प्राप्त किया । प्रियंका गोस्वामी ने यह दूरी 1 घंटे 32 मिनट एवं 36 सेकेण्ड में पूरी की । प्रियंका गोस्वामी के अनुसार प्रतिकूल मौसम ने उनके प्रदर्शन को प्रभावित किया । भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुये प्रियंका गोस्वामी ने अपने कोच श्री विनोद पोखरियाल के प्रति आभार व्यक्त किया, जिनके कुशल निर्देशन में उनका प्रदर्शन निरन्तर सुधर रहा है। उल्लेखनीय है कि श्री विनोद पोखरियाल पूर्वोत्तर रेलवे एवं भारतीय रेलवे के एथलेटिक एवं क्रास कंट्री टीम के कोच हैं। प्रियंका गोस्वामी अगले वर्ष 2022 में अनेक अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धाओं में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जिनमें एशियन गेम्स (चीन), कामन वेल्थ गेम्स (ग्रेट ब्रिटेन) तथा वर्ल्ड चैम्पियनशिप (अमेरिका) प्रमुख हैं।

# जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक



गोरखपुर। जिलाधिकारी विजय किरन आनन्द ने बताया है कि जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता कार्यक्रमों में से एक है। अतः संबंधित अधिकारी जन शिकायतों का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिये है कि सभी लेखपाल रोस्टर के अनुसार ग्रामोंध्क्षेत्रों का भ्रमण करेंगे और रोस्टर के अनुसार प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे के मध्य पंचायत भवनोंध्निश्चित स्थान पर बैठेंगे तथा 12 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक ग्रामोंध्क्षेत्रों में भ्रमण कर विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतोंध्समस्या का निस्तारण करेंगे। लेखपाल के ग्रामध्क्षेत्र में बैठने का रोस्टर निर्धारित स्थानों पर चस्पा किया जाये जिसमें नाम व मोबाइल नम्बर अंकित हो ताकि लोगों को इसकी जानकारी हो सके। तहसील मुख्यालय के कन्ट्रोलरूम से मानीटरिंग की जाये कि लेखपाल गांव में बैठ रहा है या नही। विचलन की स्थिति में संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। जिलाधिकारी ने कहा है कि कलेक्ट्रेट स्थित कन्ट्रोलरूम प्रभारीध्नोडल अधिकारी द्वारा आइजीआरएस संदर्भो एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त हो रही सभी शिकायतों का प्रभारी मानिटरिंग किया जाये। प्रभारी द्वारा निस्तारण की गुणवत्ता के आधार पर ग्रेडिंगध्रेटिंग की जायेगी तथा आवश्यकतानुसार आवेदक से वार्ता कर फीडबैक लिया जायेगा और यह सुनिश्चित किया जाये कि शिकायतों का निस्तारण अधिकतम 7 दिन में अवश्य करा दिया जाये। जिन शिकायतों का निस्तारण 7 दिन में नही किया गया है या फीडबैक में आवेदक द्वारा बताया जाता है कि प्रकरण का निस्तारण नही हुआ है तो उसे वापस भेजकर संबंधित का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया है कि कम से कम प्रत्येक सप्ताह 50 प्रतिशत शिकायते जो गम्भीर प्रकृति की है उन्हें एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं कानूनगो स्वयं जांच करेंगे तथा उसका गुणवत्तापरक निस्तारण करायेंगे। जन शिकायते के निस्तारण की एसडीएम प्रत्येक सप्ताह समीक्षा बैठक कर लम्बित प्रकरण को निस्तारित करते हुए रिपोर्ट देगें। प्रत्येक शनिवार को आरक्षित रखा जाये। शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस एवं समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतो का राजस्व व पुलिस विभाग द्वारा आवश्यकतानुसार टीम गठित कर प्रकरणो का निस्तारण कराये जाये। एसडीएम, तहसीलदार व सीईओ समन्वय कर समस्या का समाधान करायेंगे यदि निस्तारण नही होता है तो समन्वय की कमी मानते हुए उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जहां ग्राम सभा भूमि के कब्जा होने सम्बंधी कोई तथ्य संज्ञान में आता है तो विधिक कार्यवाही करवाये।


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
पुजा ठाकुर
लेखपाल-शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर
आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
संध्या पाण्डेय
लेखपाल-शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर
पाटेश्वरी प्रसाद श्रीवास्तव
प्रधानाचार्य
पी.पी.एस.इण्टरकालेज,गड़ाकुल,शोहरतगढ़,सि.नगर
शेख मोहम्मद आसिफ
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम-महथा,वि.ख.शोहरतगढ़
अजीज अहमद
ग्राम प्रधान
ग्राम-पकड़ी ,वि.ख.शोहरतगढ़
शकील अहमद
ग्राम पंचायत अधिकारी
नौगढ़
अजय भारती
ग्राम पंचायत अधिकारी
सि.नगर
बृजेश कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
शोहरतगढ़
राधेश्याम चौधरी
ग्राम पंचायत अधिकारी
शोहरतगढ़
जग जीवन
ग्राम पंचायत अधिकारी
शोहरतगढ़
डा. पंकज कुमार वर्मा
अधीक्षक
सामु.स्वा.केन्द्र-शोहरतगढ़
सुबाष कुमार
ग्राम पंचायत अधिकारी
शोहरतगढ़
रमेश चन्द्र
ए.डी.ओ.एम.आई.
शोहरतगढ़
आमिर खान क्लीनिक
डा. फौजदार खान
खुनुवा बाजार
नसीम अहमद
ग्राम प्रधान
ग्राम-रामगढ़,वि.ख.नौगढ़
मधुरश्याम
पूर्व ग्राम प्रधान /समाजसेवी
ग्राम-बगहवा,वि.ख.शोहरतगढ़
महेन्द्र चौधरी
ग्राम प्रधान
ग्राम-डोहरिया खुर्द
अभिमन्यू प्रसाद
खण्ड शिक्षा अधिकारी
बी.आर.सी
दीवाकर यादव
ग्राम प्रधान-करहिया,गजरौलिया
मनोज यादव
समन्वयक ,बी.आर.सी.
गंगाधर मिश्रा
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-बगहवां
विनोद गुप्ता
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत-लेदवा

# अर्ध धनुरासन: जानिए इस योगासन के अभ्यास का तरीका, इसके लाभ और अन्य महत्वपूर्ण बातें



अर्ध धनुरासन एक ऐसा योगासन है जिसका अभ्यास करते समय आधा शरीर धनुष जैसा दिखता है और इसे शारीरिक के साथ–साथ मानसिक स्वास्थ्य के लिए भी बेहतर माना जाता है। विशेषज्ञों की मानें तो यह योगासन अत्यंत प्रभावी आसनों में से एक है, इसलिए आपके लिए नियमित तौर पर इसका अभ्यास करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। चलिए फिर आज हम आपको अर्ध धनुरासन के अभ्यास का तरीका और इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातें बताते हैं। अर्ध धनुरासन के अभ्यास का तरीका: सबसे पहले योगा मैट पर पेट के बल लेटें और ठुड्डी और हाथों को जमीन से सटाएं। अब अपने बाएं पैर को घुटने से मोड़ते हुए पीठ के पीछे ले जाएं और इसकी एड़ी को बाएं हाथ से पकड़कर ऊपर उठाएं। फिर बाएं पैर समेत शरीर के पूरे बाएं हिस्से को अपनी क्षमतानुसार ऊपर उठाएं। इस दौरान पांच बार लंबी सांस लें और फिर धीरे–धीरे सांस छोड़ते हुए सामान्य हो जाएं। अब इस प्रक्रिया को दाएं पैर से भी दोहराएं। सावधानियां: अभ्यास के दौरान जरूर बरतें ये सावधानियां: अगर किसी की कोहनी, पीठ, पेट, घुटने, रीढ़ की हड्डी या फिर कंधे में चोट लगी है या शरीर के अन्य किसी अंग में दर्द की समस्या है तो वह इस योगासन का अभ्यास न करे। इस आसन के अभ्यास के दौरान अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक जोर न लगाएं क्योंकि इससे चोट लगने की संभावना बढ़ सकती है। अगर किसी को उच्च रक्तचाप या फिर माइग्रेन की समस्या है तो वो भी इस योगासन का अभ्यास करने से बचे। फायदे' अर्ध धनुरासन का नियमित अभ्यास करने से मिलने वाले फायदे' रोजाना अर्ध धनुरासन करने से कलाइयों, भुजाओं, पैर, कंधों, पीठ और रीढ़ की हड्डी को मजबूती मिलती है। इस योगासन से पूरे शरीर की मांसपेशियों पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इस योगासन को करने से मासिक धर्म के दौरान होने वाले दर्द से भी कुछ हद तक राहत मिलती है। इस आसन से कूल्हे और घुटनों से संबंधित समस्याएं दूर हो जाती हैं। इस योगासन से पाचन तंत्र की कार्यक्षमता को बढ़ाने में काफी मदद मिलती है। टिप्स' अर्ध धनुरासन के अभ्यास से जुड़ी महत्वपूर्ण टिप्स: अगर आप पहली बार इस योगासन का अभ्यास करने वाले हैं तो ऐसा किसी प्रशिक्षक की निगरानी में ही करें क्योंकि वह आपकी उम्र, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं (अगर कोई है) और क्षमता के अनुसार ही इसका अभ्यास करना सिखाएगा। इस योगासन की शुरुआत में संतुलन बनाना मुश्किल हो सकता है, इसलिए तकिये का सहारा लें। इस योगासन के अभ्यास के दौरान शरीर का अत्यधिक भार सिर्फ पेट पर होता है, इसलिए इसके अभ्यास के समय कोई जल्दबाजी न करें।

## नई गोरी मैम ने दिखाया हुस्न का जलवा


भाभीजी घर पर हैं में अपने हुस्न से सबको दीवाना बनाने वाली गोरी मेम यानि नेहा पेंडसे की इन तस्वीरों ने तहलका मचा



दिया है। इन तस्वीरों में नेहा काफी हॉट अंदाज में पोज देती नजर आ रही है। उन्होंने यहां गोल्डन कलर की डीपनेक स्ट्रिप्ड ड्रेस पहनी हुई है. उनके पोज काफी गॉर्जियस लग रहे हैं। बता दें, इससे पहले इस शो में भाभी जी का किरदार सौम्या टंडन निभा रही थीं। लेकिन कोरोना महामारी के बीच अपने बच्चे की परवरिश के लिए उन्होंने ब्रेक ले लिया। गौरतलब है कि सबसे पहले नेहा साल 1999 में आई फिल्म प्यार कोई खेल नहीं में दिखाई दी थी। उस समय नेहा मात्र 15 साल की थी। इस फिल्म के बाद नेहा दागरू द फायर, दीवाने, तुम से अच्छा कोई नहीं और देवदास में काम किया। यही नहीं 90यह्य में वह कैप्टेन हाउस, पड़ोसन जैसे हिट शो में भी काम कर चुकी हैं बता दें, नेहा ने पिछले साल मुंबई के बिजनेसमैन शार्दुल से शादी की थी। तलाकशुदा मर्द से शादी करने के बाद उन्हें ट्रोल किया गया था। लेकिन नेहा ने कहा था कि लोग क्या कहते हैं उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ता है।




## शरण शर्मा की अगली फिल्म में कार्तिक को रिप्लेस करेंगे राजकुमार, जाह्नवी भी आएंगी नजर



जाह्नवी कपूर को गुंजन सक्सेना: द कारगिल गर्ल में उनके प्रदर्शन के लिए काफी सराहना मिली थी। यह एक बायोपिक फिल्म थी, जिसका निर्देशन शरण शर्मा ने किया था। शरण ने इस फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में कदम रखा था। इस फिल्म को समीक्षकों ने अच्छे रिव्यू दिए थे। अब जानकारी सामने आ रही है कि जाह्नवी फिर शरण की आगामी फिल्म में दिखने वाली हैं। इस फिल्म में अभिनेता राजकुमार राव भी नजर आएंगे।


रिपोर्ट के मुताबिक, जाह्नवी और राजकुमार निर्देशक शरण की आगामी फिल्म में नजर आएंगे। अभी इस फिल्म का शीर्षक निर्धारित नहीं किया गया है। एक सूत्र ने कहा, शरण पिछले कुछ समय से एक फिल्म बनाने की योजना बना रहे हैं। राजकुमार और जाह्नवी दोनों इस फिल्म में क्रिकेटर की भूमिका में नजर आएंगे। इस साल के अंत में ये दोनों कलाकार इस खेल का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। यह फिल्म क्रिकेट की पृष्ठभूमि पर आधारित होगी।

फिल्म भावनाओं से परिपूर्ण एक काल्पनिक कहानी होगी। हाल में रिलीज हुई हॉरर कॉमेडी फिल्म रूही के बाद फिर से राज और जाह्नवी इस फिल्म में साथ दिखेंगे। खबरों की मानें तो मेकर्स इस साल के अंत तक फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। फिलहाल इस फिल्म की कास्टिंग की प्रक्रिया चल रही है। फिल्म को मशहूर निर्माता करण जौहर प्रोड्यूस करने वाले हैं। इस प्रोजेक्ट की तैयारियां शुरू हो चुकी हैं।

प्रोड्यूसर करण की इस फिल्म में कार्तिक आर्यन मुख्य भूमिका में नजर आने वाले थे। बताया गया था कि कार्तिक ने इस फिल्म की तैयारियां भी शुरू कर दी थीं। करण की दोस्ताना 2 से बाहर होने के बाद कार्तिक को इस फिल्म से भी बाहर कर दिया गया था। कार्तिक ने दोस्ताना 2 के कुछ हिस्सों की शूटिंग के बाद फिल्म छोड़ दी थी। अब मेकर्स ने कार्तिक को रिप्लेस करते हुए स्त्री फेम अभिनेता राजकुमार को चुना है।

जाह्नवी इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने से पहले अपने पिता बोनी कपूर के बैनर तले बनने वाली फिल्म हेलेन को पूरा करेंगी। यह एक मलयालम थ्रिलर फिल्म की रीमेक है, जिसमें अन्ना बेन और लाल ने अभिनय किया था। इस फिल्म की शूटिंग इसी महीने शुरू होने वाली है। जाह्नवी दोस्ताना 2 के प्रोजेक्ट को लेकर भी चर्चा में हैं। इस फिल्म का निर्माण भी करण की धर्मा प्रोडक्शंस कर रही है।

राजकुमार इस साल हंसल मेहता की फिल्म स्वागत है में अभिनय करते दिख सकते हैं। इसके अलावा वह सेकंड इनिंग और बध ााई दो जैसी फिल्मों में भी नजर आ सकते हैं। उन्हें अमर कौशिक की बहुप्रतीक्षित फिल्म स्त्री 2 में भी देखा जा सकता है। वह अनुराग कश्यप की फिल्म लाइफ इन अ मेट्रो सीच्ल में दिखने वाले हैं। सैलेश कोलानु की फिल्म हिट को लेकर भी वह चर्चा में हैं।



## कुणाल कपूर लॉन्च कर रहे अपना प्रोडक्शन हाउस

श्रंग दे बसंतीय फेम कुणाल कपूर अपना खुद का प्रोडक्शन हाउस लॉन्च करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं और अभिनेता ने उस कहानी को भी चुन लिया है जिसे वह इसके माध्यम से बताना चाहते हैं. कुणाल ने कहा, श्मैं एक असिस्टेंट डायरेक्टर के दिनों से कहानियां लिख रहा हूं और मैं न केवल एक अभिनेता के रूप में, बल्कि एक निर्माता और निर्देशक के रूप में भी उन कहानियों को जीवित करना पसंद करूंगा.य एक्टर ने कहा, श्एक अभिनेता के रूप में, आपको किन कहानियों को बताने का मौका मिलता है, इस पर आपका बहुत कम नियंत्रण होता है. आप केवल वही चुन सकते हैं जो आपको पेश किया जाता है और आप किसी अन्य की दृष्टि का हिस्सा हैं, लेकिन एक निर्माता के रूप में, आपके पास अपनी दृष्टि को जीवन में लाने का मौका होता है.य बता दें कि कुणाल कपूर अपने प्रोडक्शन हाउस के तले छह बार विंटर ओलिंपियन और विंटर ओलंपिक गेम्स में ल्यूज में भाग लेने वाले पहले भारतीय प्रतिनिधि जिन्हें श्इंडियाज फास्टेस्ट मैन ऑन आइसय के नाम से भी जाना जाता है, शिवा केशवन की बायोपिक पर काम करेंगे. यह बताने के लिए उन्होंने इस कहानी को क्यों चुना, इस बारे में बात करते हुए, कुणाल कहते हैं, श्वह एक अद्भुत एथलीट हैं. मुझे शिवा केशवन की ओर आकर्षित करने वाली सिर्फ यह बात नहीं थी कि उन्होंने छह बार ओलिंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व किया है, बल्कि यह भारत की भावना और उन अविश्वसनीय चीजों के बारे में भी एक कहानी थी जिन्हें हम सीमित संसाधनों के साथ हासिल करने में कामयाब होते हैं. यह लचीलेपन और कम चुने जाने वाले सफर की कहानी हैय यह हमारी संस्कृति और विविध ाता का भी उत्सव है.य कुणाल कपूर ने विभिन्न परियोजनाओं पर विभिन्न क्षमताओं में काम करते हुए कई पद निभाए हैं. वह आगामी शो, द एम्पायर में एक अभिनेता के तौर पर दिखाई देंगे. इसके अलावा वह एक प्रोजेक्ट पर लिख रहे हैं जिसकी अनाउंसमेंट नहीं हुई है.

## त्वचा, बालों और आंखों के लिए काजू बहुत फायदेमंद

काजू आपकी त्वचा, बालों और शरीर के लिए बहुत फायदेमंद हैं. ये पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. इनमें आयरन और जिंक भरपूर होता है. एनीमिया की समस्या से राहत पाने के लिए इसका सेवन अच्छा होता है. ये विटामिन सी, जिंक, मैग्नीशियम, सेलेनियम और आयरन से भरपूर होते हैं. ये त्वचा के निखार के लिए फायदेमंद हैं. इसमें कॉपर और फास्फोरस अधिक मात्रा में होता है. ये बालों के लिए भी फायदेमंद है. आइए जानें काजू के लाभ.

ग्लोइंग त्वचा के लिए–स्वस्थ त्वचा और झुर्रियों से मुक्त होना चाहते हैं तो काजू का सेवन कर सकते हैं. काजू में मैग्नीशियम, सेलेनियम, आयरन और फास्फोरस आदि होता है. ये नट्स प्रोटीन और विटामिन से भी भरपूर होते हैं जो त्वचा की रंगत में सुध ार कर सकते हैं और झुर्रियों को रोक सकते हैं. चमकदार बालों

के लिए–लंबे और चमकदार बाल होती है. ऐसे में काजू आपकी कॉपर होता है जो बालों के आपके बालों को समय से पहले



लगभग हर लड़की की चाहत मदद कर सकता है. काजू में विकास को बढ़ावा देता है. ये के विकास को बढ़ावा देते हैं. ये

सफेद होने से रोकता है. काजू आपके बालों को चमकदार बाल बनाता है.

बालों के झडने को रोकता है– काजू पोटैशियम और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं. ये बालों को झडने से रोकते हैं और बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं.

एंटी एजिंग में मदद करता है– काजू एंटीऑक्सीडेंट से भरपूर होते हैं जो आपकी त्वचा में नई कोशिकाओं

आपकी त्वचा को तेजी से पुनर्जीवित करने में सक्षम बनाता है और लोच बनाए रखने में मदद करता है. रोजाना काजू खाने से भी आपके शरीर को फ्री रेडिकल्स से लडने में मदद मिल सकती है. निशान को दूर करने के लिए–त्वचा के दाग– धब्बों को दूर करने के लिए आप फैंसी प्रोडक्ट का इस्तेमाल नहीं करना चाहते तो काजू इस्तेमाल कर सकते हैं. इसमें विटामिन सी होता है ये दाग– धब्बों को दूर करने में मदद करता है.

स्ट्रेच मार्क्स से राहत पाने के लिए–गर्भावस्था के दौरान अधिकतर महिलाओं को स्ट्रेच मार्क्स आ जाते हैं. काजू में विटामिन सी होता है. ये इस समस्या को दूर करने में मदद करता है. आंखों के लिए–काजू जेक्सैथीन नामक एंटीऑक्सीडेंट होता है. ये हमारी आंखों को हानिकारक यूवी किरणों से बचाता है.

# आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनाएं











































आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आपका अपना
रवि प्रकाश मौर्य
समाजसेवी-करमा


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आपका अपना
डा. डी.एन. दत्ता
चिकित्साधिकारी, नया प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र करमा, सोनभद्र


आप सभी ग्राम पंचायत वासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आपका अपना
रामानंद मौर्य
ग्राम प्रधान-धौरहरा


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आपका अपना
आशुतोष त्रिपाठी
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि- बहुआर


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि
अरुन सिंह
घोरावल बिधानसभा अध्यक्ष अपना दल एस
जिला पंचायत अध्यक्ष
राधिका पटेल


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
सीमा देवी
ब्लाक प्रमुख-करमा
रमेश यादव
बीडीओ


जिसका ताज हिमालय है, जहां बहती है गंगा,
जहां अनेकता में एकता है, सत्यमेव जयते जहाँ नारा है,
वह भारत देश हमारा है।
क्षेत्र की समस्त सम्मानित देवतुल्य जनता को
15th August
स्वतंत्रता दिवस
सुबाष चंद्र दास
नगर पंचायत कांग्रेस अध्यक्ष गोला, गोरखपुर (उ. प्र.)


ग्राम सभा झरकटा/भदौरा व क्षेत्र की समस्त हृदय प्रिय जनता, गुरुजनों तथा छात्र-छात्राओं को 75वीं
15 स्वतंत्रता दिवस
के शुभ अवसर पर
हार्दिक बधाई व अनंत शुभकामनाएं।
निवेदक : सूर्यनाम्बुज दूबे
युवा समाज सेवी (एस.एन. दूबे)
ग्राम सभा झरकटा/भदौरा, विकास खण्ड- गोला, गोरखपुर
निदेशक मे0 शिवा पॉवर सोल्यूशन (टाटा आवाज रहित डीजल जनरेटर) महेवा चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, गोरखपुर, फोन :- 0551-2344444, मो. 9454258444/7408784444


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
आपका अपना
सुबाष मौर्य
ग्राम प्रधान प्रतिनिधि-तेन्दुहानी-गोरखपुर


आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस
15TH AUGUST
की हार्दिक बधाई
चन्द्रदेव पाण्डेय
ए0डी0ओ0 पंचायत-ब्लाक करमा


ना जियो धर्म के नाम पर,
ना मरो धर्म के नाम पर,
इंसानियत ही है धर्म वतन का,
बस जियो वतन के नाम पर।
क्षेत्र की समस्त सम्मानित देवतुल्य जनता को
15th August
स्वतंत्रता दिवस
डा. विवेक मिश्र
Mob. : 7617060709
9714172599
BHMS
श्री गोरक्ष चिकित्सालय
दाऊदपुर, गोरखपुर
















**विनय चौधरी**
प्रधान प्रतिनिधि बोहली
वि0ख0 बढ़नी, सिद्धार्थनगर











**जफर आलम**
ब्लाक अध्यक्ष प्रधान संगठन
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर















Dr. Naseem Ahmad Khan
MBBS, MS, FAIS, FMAS, Dip MAS
LAPAROSCOPIC, UROSURGEON
AND ENDOSCOPIST




आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
सिराज उर्फ सेराज
प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत अंतरी, वि.ख. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
पी. के. वर्मा
अधीक्षक
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, शोहतरतगढ, सिद्धार्थनगर


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनायें
सुभाष यादव
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत अगया, वि.ख. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनायें
पटेश्वरी
ग्राम प्रधान
विजय उपाध्याय
समाजसेवी/प्रधान प्रतिनिधि
ग्राम पंचायत खरगवार, वि.ख. शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
बधाई
आपका अपना
रविन्द्र शर्मा
ग्राम प्रधान-गडरखा, जनपद-सिद्धार्थनगर


भारत का सबसे तेज एवं लोकप्रिय
राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश
एक विश्वास...
(DAVP से मान्यता प्राप्त समाचार पत्र)
अब डिजिटल रूप में भी www-budhakasandesh-com को
आवश्यकता है
उत्तर प्रदेश के जनपद–
1. संतकबीरनगर
2. बस्ती
3. अयोध्या
में समस्त तहसीलों एवं
ब्लॉक में पत्रकार/संवाददाता की
-: आज ही सम्पर्क करें :-
राजेश शर्मा (एडिटर इन चीफ)
8795951917, 9415163471 9453824459


आप सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस
15th August
HAPPY INDEPENDENCE DAY
की हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनायें
M. 7080805763
मोहनलाल
सहायक विकास अधिकारी (पं.)
सतीश कुमार सिंह
खण्ड विकास अधिकारी
राधेश्याम चौधरी
ग्रा.पं.अ.
रामस्वरूप गुप्ता
ग्रा.पं.अ.
सुभाषचन्द
ग्रा.पं.अ.
मनोज पटेल
ग्रा.पं.अ.
सन्त अखिलेश्वर
ग्रा.पं.अ.
राम सिंह
ग्रा.वि.अ.
अजय भारतीय
ग्रा.वि.अ.
कु. मिथिलेश
ग्रा. पं. सचिव
मोईदुर्रहमान
ग्रा.वि.अ.
बृजेश कुमार
ग्रा.पं.सचिव
निशा श्रीवास्तव
ग्रा. पं. सचिव
15th August
विकास खण्ड शोहरतगढ़, जनपद- सिद्धार्थनगर